
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 50 | ग्वालियर, 29 दिसम्बर शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मोहन यादव कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री को दी ये सलाह, कहा?

मध्य प्रदेश के नवनियुक्त मंत्री चैतन्य कश्यप पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से मिलने के लिए पहुंचे. पूर्व सीएम उमा भारती ने मंत्री चेतन कश्यप का तिलक किया इसके बाद उन्हें सफलतम कार्यकाल को लेकर शुभकामनाएं दी. पूर्व सीएम और चैतन्य काश्यप के बीच सौजन्य भेंट के दौरान लंबी बातचीत भी हुई, जिसे उमा भारती ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है.

डॉ मोहन यादव सरकार में सबसे अमीर मंत्री चैतन्य कश्यप की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से सौजन्य भेंट हुई. इस मुलाकात को उमा भारती ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है. उमा भारती ने लिखा है कि वे चैतन्य काश्यप को पिछले 20 सालों से जानती है. वे बड़े व्यवसाय के साथ-साथ दानी भी है. उन्होंने कहा कि वह अपनी आमदनी का बड़ा हिस्सा दान करते हैं. उमा भारती ने यह भी कहा कि बातचीत के दौरान उनसे यह अपील की गई है कि वे सरकार से मिलने वाले



अपने वेतन और भत्ते को वापस लौटने की बजाय अपनी दान राशि में शामिल करें.

**कौन है मंत्री चैतन्य कश्यप**–रतलाम शहर से तीसरी बार विधायक बने चैतन्य कश्यप बड़े व्यापारी हैं. उनकी कुल संपत्ति 296 करोड़ की है जबकि उन पर 20 करो? रुपए की देनदारी भी है. विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पहले ही सत्र में उन्होंने यह घोषणा कर दी थी कि वे सरकार से किसी भी प्रकार का वेतन या भत्ता नहीं लेंगे. पूर्व में भी दो बार उन्होंने इसी प्रकार की घोषणा की थी. चैतन्य कश्यप ने इस बार भी कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत के साथ हराया था.

### सलोनी अग्रवाल 25 साल की उम्र में बनीं डिप्टी कलेक्टर, कोविड में उठ गया था पिता का साया

कोविड-19 के कारण अपने पिता को खोने वाली 25 वर्षीय सलोनी अग्रवाल ने मध्य प्रदेश की राज्य सेवा परीक्षा 2019 में आठवां स्थान हासिल किया है और वह उप जिलाधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) के पद पर चुनी गई हैं. सलोनी ने बुधवार (27 सितंबर) को इंदौर में %पीटीआई-भाषा% को बताया,%जब मैं राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही थी, तो मेरे पिता का कोविड-19 से निधन हो गया था. पिता के नहीं रहने से घर में सारी चीजें उथल-पुथल हो गई थीं. मुझे अपनी मां और छोटे भाई का ध्यान भी रखना था.%उन्होंने कहा कि कोविड-19 की तालाबंदी के वक्त वह घर में ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाती थीं क्योंकि चारों ओर नकारात्मकता का माहौल था

## मध्य प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, नए साल पर महंगाई भत्ते में 4 फीसदी बढ़ोत्तरी की तैयारी

मध्य प्रदेश की नई सरकार अपने कर्मचारियों को नए साल पर तोहफा देने जा रही है. सीएम डॉ. मोहन यादव सरकार ने प्रदेश के तकरीबन साढ़े सात लाख कर्मचारियों को नए साल में चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने जा रही है. कर्मचारियों को डीए देने से सरकार के खजाने पर हर महीने 160 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ आएगा.प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि राज्य के वित्त विभाग ने कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज दिया है, जहां इस बारे में जल्द ही अंतिम फैसला लिया जाना है. दरअसल,राज्य के कर्मचारियों को अभी 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है.नए साल यानी




जनवरी 2024 में 4 प्रतिशत बढ़े हुए महंगाई भत्ते की किस्त मिलने से कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के समान 46 प्रतिशत हो जाएगा.राज्य के वित्त विभाग के द्वारा डीए में बढ़ोतरी के लिए तैयार किए गए प्रस्ताव के अनुसार 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने में हर महीने 160 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार सरकार खजाने पर आएगा. इस तरह वित्तीय वर्ष 2023-2024 की अंतिम तिमाही में यह खर्चा 480 करोड़ होगा.यहां बताते चलें कि तकरीबन 15 दिन पुरानी प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने खर्च चलाने के लिए बाजार से पहली बार दो हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया है. कर्ज की ये राशि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना समेत अन्य योजनाओं पर खर्च की जाएगी. यह कर्ज 26 दिसंबर को आरबीआई के माध्यम से लेने के लिए बिडिंग की गई और 27 दिसंबर को सरकार के खजाने में पैसा आ गया. मध्य प्रदेश में अभी तकरीबन 3 लाख 80 हजार करो? का कर्ज है.

### गुना बस हादसे में एमपी सरकार की कड़ी कार्रवाई, आरटीओ और सीएमओ निलंबित




मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार उत्तर प्रदेश के योगी सरकार की तर्ज पर काम करती दिख रही है. किसी भी मामले में त्वरित कार्रवाई की जा रही है. सरकार चुनाव के दौरान जनता से किए वादे के अनुरूप जनता से जुड़े मसलों पर तेजी का कार्रवाई कर रही है. ताजा मामला गुना बस हादसे से जुड़ा है. मामले में अब तक 13 लोगों के मारे जाने की खबर है, वहीं घायलों की संख्या अब तक 17 हो गई है. मध्य प्रदेश सरकार ने मामले में तेजी से एक्शन लेना शुरू कर दिया है. गुना आरटीओ रवि बारेलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. वहीं गुना के सीएमओ बीडी कतरोलिया को भी निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक बिना वैध दस्तावेजों के बस संचालन मामले में आरटीओ की लापरवाही सामने आई है. वहीं मौके पर फायर ब्रिगेड देरी से पहुंचने को लेकर गुना सीएमओ को निलंबित किया गया है.मामले में कलेक्टर, एसपी और ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सहित परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव को पद से हटाया गया है. सीएम मोहन यादव ने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली. उन्होंने कहा कि मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा.

## नंद घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की

ग्वालियर 12 बीघा कॉलोनी बहोड़ापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने कथा के चतुर्थ दिवस पर कहा कि कृष्ण ऐसे देव है जो भक्त के हृदय में और विरोधी की बुद्धि में बसते हैं। सिर्फ धर्म की रक्षा के लिए विचरण करते रहते है। जगत के अधर्मियों के नाश के लिए खुद के यदु वंश मे अधर्म देख यदु वंश का आँखों के सामने नाश होते देखते हैं। धैर्य इतना की शिशुपाल दुर्योधन के किए अपमान का भी समय आने पर निर्णय लेते हैं। जगत की इतनी चिंता की परीक्षित को मृत्यु से पूर्व भागवत कथा सुनने प्रेरित करते हैं, जो कथा आज भी सनातन के जीवन दर्शन का सद् ग्रंथ है श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार की



कथा का मनोहारी वर्णन करते हुए कहा की भगवान के धरती पर आने का क्या कारण है। जब पृथ्वी लोक पर पाप बढ़ जाते हैं तब भगवान धर्म और धरती की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। वह हमारे जीवन वल्लभ हैं हमारे प्राण हैं। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे ही श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग आया तो किला मैदान के पंडाल में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ आया पूरे पंडाल में नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों की गूंज रही भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर पूरे पंडाल में महिलाएं बच्चे और बूढ़े सभी श्रद्धालु द्वारा नाच गाकर और पुष्प वर्षा कर धूमधाम के साथ भगवान का जन्म उत्सव मनाया।कथा के अंत में भागवत भगवान की आरती की गई इस अवसर पर वीरेंद्र कुशवाहा जी, शिवनाथ भदोरिया, जी स्वदेश पटसारिया जी, अनिल भारद्वाज, कमल जादौन, पुजारी एन सी दुबे जी, अशोक गुप्ता जी,विनोद भार्गव जी, मनीष अग्रवाल जी, अशोक शर्मा जी,उपस्थित रहे

### लंबे इंतजार के बाद आज होगा सीएम मोहन यादव की कैबिनेट का विस्तार, मंत्रियों की लिस्ट में इनके नाम शामिल

आज (25 दिसंबर) देश के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी इस मोके पर आज मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नई सरकार बनने के 12 दिन बाद मंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है. ऐसे में मुख्यमंत्री मोहन यादव सुबह 9.30 बजे राज्यपाल मंगु भाई पटेल से मिले और नए मंत्रियों की लिस्ट उन्हें सौंप दी है. विस्तार को लेकर पिछले कई दिनों से मंथन और अटकलों का दौर चल रहा था. ऐसे में नए मंत्रियों को सोमवार यानी 25 दिसंबर को दोपहर 3 बजे शपथ दिलाई जाएगी. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल में 20 से 22 विधायकों को जगह मिल सकती है. इस बीच राजनीतिक गलियारों में मध्य प्रदेश के संभावित मंत्रियों के नाम की चर्चा तेज ह

## एमपी में सियासत तेज, कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने की जांच की मांग

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के फैसले पर राजनीति तेज हो गई है. सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने सरकार के इस फैसले का स्वागत तो किया है. इस दौरान उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि नौकरशाह के शौक ने यह जन असुविधा रची थी उसकी समयबद्ध तरीके से जांच की जाए. राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने कहा कि इसमें करोड़ों के पब्लिक फंड्स का वेस्टेज हुआ है. आपसे (सीएम मोहन यादव) उम्मीद है कि आप जांच के आदेश जरूर देंगे.इस बीच जबलपुर में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी बीआरटीएस कॉरिडोर पर बड़ा बयान दिया है. राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि ÷अगर बेहतरी के लिए किसी काम पर पुनर्विचार करना



हो तो किया जा सकता है, इसमें कोई भी गंभीर बात नहीं है.÷ उन्होंने कहा कि ÷अगर ऐसा लगता है कि बीआरटीएस कॉरिडोर से जनता को असुविधा हो रही है, तो उसे हटाया जा सकता है.÷

**प्रदेश सरकार ने क्या कहा**– हां बताते चले कि मध्य प्रदेश सरकार ने मंगलवार (26 दिसंबर) को भोपाल की सड़कों से बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम यानी हटाने का फैसला किया है. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यहां मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में निर्वाचित प्रतिनिधियों की बैठक में फैसला लिया गया है कि भोपाल की सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए को हटाया जाएगा. सार्वजनिक परिवहन बसों के लिए समर्पित लेन निर्धारित करने के लिए को बनाया गया था.लगभग 15 साल पहले भोपाल में लागू किया गया था. घनी आबादी वाले इलाकों से होकर गुजरने वाले इसके एक बड़े हिस्से को पहले ही हटा दिया गया था. अब सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर सर्वसम्मति से ये निर्णय लिया गया है कि बीआरटीएस को सभी सड़कों से हटा दिया जाना चाहिए.

### मंत्रियों की नई टीम में टेस्ट और टी-20 दोनों तरह के खिलाड़ी.., शपथ के बाद बोले कैलाश विजयवर्गीय

मध्य प्रदेश में आज मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है. मुख्यमंत्री मोहन यादव की टीम में कुल 28 मंत्री हैं. इनमें कई ऐसे मंत्री भी हैं जिनके पास राजनीति का लंबा अनुभव है. साथ ही कई ऐसे हैं जो सांसद भी रह चुके हैं. ऐसे में बीजेपी के महासचिव और अब विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने नई टीम को बैलेंस टीम बताया है. आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है.भोपाल में कैबिनेट विस्तार पर मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, ÷इस टीम में टेस्ट मैच के साथ-साथ टी-20 खिलाड़ी भी हैं और इसलिए यह बहुत संतुलित टीम है.÷ कैलाश विजयवर्गीय इंदौर से बीजेपी के विधायक चुनकर आए हैं.कैबिनेट मंत्री के रूप में कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, उदयप्रताप सिंह, कुंवर विजय शाह, तुलसीराम सिलावट, एदल सिंह कंषाना, निर्मला भूरिया, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, नारायण सिंह कुशवाह, नागर सिंह चौहान, चैतन्य कश्यप, इंदर सिंह परमार, राकेश शुक्ला, प्रधुम्न सिंह तोमर, संपतिया उईके ने शपथ ली है. जबकि राज्यमंत्री के रूप में कृष्णा गौर, धर्मेन्द्र लोधी, दिलीप जायसवाल, लखन पटेल, नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, दिलीप अहिरवार ने शपथ ली है.

## गुना बस हादसे में एमपी सरकार की बड़ी कार्रवाई, कलेक्टर, एसपी और ट्रांसपोर्ट कमिश्नर समेत इन पर गिरी गाज

मध्य प्रदेश के गुना में बुधवार रात हुए बस हादसे में सीएम मोहन यादव की सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है. मामले में कलेक्टर, एसपी और ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सहित परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव को पद से हटाया गया है. मामले में कार्रवाई से पहले सीएम मोहन यादव ने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली. घटना को लेकर सीएम मोहन यादव ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना न घटे प्रशासन इसका पूरा ध्यान रखेगा. इस तरह की घटना के पीछे जो भी दोषी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा.वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के गुना में हुए सड़क हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद करने में जुटा है. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मोदी के हवाले से कहा, ''मध्य प्रदेश के गुना में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है. इसमें जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं.''उन्होंने कहा, ''इसके साथ ही इस दुर्घटना में घायल सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं. राज्य



सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है.''मध्य प्रदेश के गुना जिले में डंपर से टक्कर के बाद एक निजी बस में आग लगने की घटना में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 13 हो गई. वहीं घायलों की संख्या 17 है. बुधवार रात करीब 9 बजे गुना-आरोन रोड पर डंपर से टकराने के बाद बस पलट गई और उसमें आग लग गई थी.बता दें कि मध्य प्रदेश के गुना बस आगजनी मामले में राज्य सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है. मामले में कार्रवाई करते हुए गुना आरटीओ रवि बारेलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. वहीं गुना के सीएमओ बीडी कतरोलिया को भी निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं.

## मुख्यमंत्री मोहन यादव नए साल में करेंगे जबलपुर संभाग की समीक्षा, प्रभारी एसीएस की बैठक कल




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रशासनिक कसावट के लिए कमर कस ली है. उन्होंने संभाग स्तर पर योजनाओं की समीक्षा का प्लान तैयार किया है. इसी क्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव नए साल में 3 जनवरी 2023 को अपने पहले दौरे पर जबलपुर आएंगे.वे संभागीय समीक्षा बैठक में शामिल होंगे और इसके अलावा भी उनके कई अन्य कार्यक्रम हो सकते हैं. प्रशासनिक अमला संभाग के विकास कार्यों का खाका बनाने में जुट गई है. इस दौरान बीजेपी के चुनावी संकल्प पत्र के मुद्दों पर भी चर्चा होगी.मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन के पहले एसीएस विनोद कुमार शुक्रवार (29 दिसम्बर) को जबलपुर में जनप्रतिनिधियों और संभागीय अधिकारियों से चर्चा कर करेंगे.संभाग स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जबलपुर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में दोपहर 1.30 बजे होगी. इसके लिए भी तैयारियां जारी है. इस बैठक में संभाग के सभी सांसद,विधायक, महापौर के साथ सभी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा संभाग स्तरीय अधिकारियों को शामिल होने को कहा गया है.

**सीएम बनने के बाद पहली बार आगमन हुआ जबलपुर**–बताया जाता है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव का आगमन पहले दिसम्बर माह के इन्हीं दिनों में होने वाला था, लेकिन व्यस्तता के चलते उनका आगमन अब 3 जनवरी को तय किया गया है. यह मुख्यमंत्री का पहला जबलपुर आगमन हो रहा है. इसलिए हर तरफ उत्साह भी रहेगा. जहां, पार्टी से जुड़े लोग इस मौके को ऐतिहासिक बनाने की कोशिश करेंगे, वहीं प्रशासनिक अमला भी मुख्यमंत्री को लुभाने की कोशिश कर सकता है. यही कारण हैं कि तैयारी के लिए खुद संभागायुक्त अभय वर्मा जुटे हुए हैं. बुधवार को वर्मा ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष का निरीक्षण किया. इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह, अपर कलेक्टर नाथू राम गोंड भी मौजूद थे.

**अधिकारी को मॉनिटरिंग का दायित्व भी सौंपा**–इनिशियल लेवल पर प्रशासनिक कसावट लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संभाग स्तर पर एक सीनियर आईएएस और सीनियर आईपीएस अधिकारी को मॉनिटरिंग का दायित्व भी सौंपा है. जबलपुर संभाग के लिए एसीएस विनोद कुमार और एडीजी चंचल शेखर को जिम्मेदारी सौंपी गई है.

## मध्य प्रदेश के गुना में भीषण हादसा, डंपर से टक्कर के बाद बस में लगी आग, 12 लोगों की जलकर मौत




मध्य प्रदेश के गुना जिले में बुधवार (27 दिसंबर) की रात को डंपर ट्रक से टकराने के बाद एक बस में आग लगने से 12 लोगों की मौत हो गई. इस हादसे में 14 यात्री जख्मी हो गए. घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और खतरे से बाहर हैं.पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना रात करीब नौ बजे गुना-आरोन रोड पर हुई जब उल्टी दिशा से आ रहा डंपर ट्रक यात्रियों को ले जा रही बस से टकरा गया. इसके बाद बस पलट गई और इसमें आग लग गई.हादसे पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दुख जताया है. साथ ही उन्होंने मुआवजे का ऐलान किया. मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, गुना से आरोन जा रही बस में भीषण आग से यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुःखद है. इस हृदय विदारक दुर्घटना में असमय मृत्यु को प्राप्त हुए दिवंगतों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं. दुःख की इस विकट परिस्थिति में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है.जांच के आदेश-उन्होंने कहा, मैंने प्रशासन को घायल यात्रियों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के साथ ही दुर्घटना की जांच के आदेश भी दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.

# एसपी असित यादव की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर सायबर ठग माँग रहे हैं पैसे

## एसपी असित यादव की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर सायबर ठग माँग रहे हैं पैसे

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** साइबर ठगों के हौंसलें किस कदर बुलंदी पर हैं,इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, कि उन्होंने भिण्ड पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव का फोटो लगाकर फर्जी फेसबुक आईडी बना ली, कई लोगों को मैसेज कर रूपयों की माँग की, जैसे ही पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव को इस संबंध में पता चला तो उनके द्वारा पता किया जा रहा है कि ये फर्जी आईडी कहाँ से और किसने बनाई है,एसपी डॉ. असित यादव आईपीएस के नाम से फेसबुक आईडी बनाकर उनके परिचितों और कॉन्टेक्ट लिस्ट में शामिल लोगों को मैसेज किए गए, तथा लोगों से मदद के




नाम पर रूपये माँगने का प्रयास किया जा रहा है, जब इस संबंध में एसपी भिण्ड को लोगों के द्वारा बताया गया तो उन्हें पता चला तो वह हैरान रहे गये, एसपी ने तत्काल साइबर सैल को मामले की जाँच कर कार्रवाई के निर्देश दिये, एसपी श्री यादव ने बताया कि इस प्रकार के मामले पहले भी प्रकाश में आए है जाँच में पता चलता है, कि कुछ शरारती तत्व के लोगों के द्वारा इस प्रकार की खुराफात की जाती है, लेकिन ऐसे लोगों पर अब शिंकजा कसा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है,कि किसी ने उनके नाम व फोटो के साथ फर्जी आईडी बनाई है, वह आपसे संपर्क कर रूपये की माँग कर सकता है,इसलिए सावधान रहे हैं। किसी के पास कोई मैसेज आता है,तो उसका स्क्रीनशॉर्ट और यूआरएल हमें जरूर उपलब्ध करायें।

# बगदरा घाटी चित्रकूट में काऊ सफारी के रूप में विकसित होगा गौ अभ्यारण्य - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल





**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना , प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चित्रकूट के बगदरा घाटी में गौवंश संरक्षण के लिए काऊ सफारी के रुप में गौ अभयारण्य विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पुराने समय से गौमाता के प्राकृतिक रहवास के रूप में जाना जाता रहा है। इसलिए यहां विचरण करने वाले गौवंशीय पशु स्वस्थ रहते। उन्होंने कहा कि बगदरा घाटी में सड़क के दोनों ओर 20-20 हेक्टेयर क्षेत्र में जंगल क्षेत्र को फेनसिंग कर वन्य प्राणियों से सुरक्षित किया जायेगा और लगे हुए राजस्व भूमि के 50 एकड़ जमीन पर गौशाला एवं अन्य सुविधाएं विकसित की जायेगी। उन्होंने कहा कि बसामन मामा गौ अभयारण्य की तर्ज पर यहां भी दानदाताओं और जनसहयोग से गौशाला के संचालन में सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी कलेक्टर डॉ परीक्षित झाड़े, जिला वनमंडलाधिकारी विपिन पटेल ने बगदरा घाटी में बनाए जाने वाले गौ अभ्यारण्य की रूपरेखा और कार्य योजना प्रस्तुत की।

# टीकमगढ़ ककरवाहा में 3 दिन से कोहरा एवं ठंड खूब बड़ रही

**विवेक राय की खास रिपोर्ट**



ककरावाहा में 4,5, दिन से ठंड का सितम जारी इन दिनों ठंड जोरो पर है इससे बचाओ के लिए लोग विभिन्न जगह पर आग जलाए हुए हैबही ठंडी हवाओं के चलते मेदनी इलाको में ठंड दोहरी मार पड़ा रही हैसुबह के वक्त कोहरा छाया रहता हैकोहरा के चलते वाहन चालकों के मुशिवतो का सामना करना पड़ता रास्ता में एक एक घंटे खड़ा रहना पड़ता है ककरावाह में सदी का आसार देखने को मिल रहा हैं गुरु बार को 18 डिग्री तापमान रहाजबकि गांव के लोग जगह जगह आग जला कर तपते नजर आए इन सर्द हवाओ वा कपकपा देने वाली ठंड से बचाव के लिए लोग अपनी सॉव्म अलबा जलने की व्यवस्था करते हैं जब की ठंड सुरु होने से पहले होने चाहिए बही ग्राम के लोग कूड़ा कचरा जलाने को मजबूर है ककरवाहा इंद्रानगर पे लोग आगे तपते देखे

# सूर्या रोशनी लाइटिंग में अब बनाए जाएंगे घरेलू सुंदरीकरण के लिए उपकरण






**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर उद्योग क्षेत्र मानलपुर की उद्योग इकाई में अब सूर्या रोशनी ने घरेलू और सजावटी लाइटिंग रेंज का भी निर्माण करना जाकर आत्मधूनिक रेंज पेश की सूर्या रोशनी के जनरल मैनेजर मुकुल चतुर्वेदी ने जानकारी में बताया है कि सूर्या रोशनी कंपनी ने त्यौहारों सीजन के लिए खास डिजाइन के प्रोडक्ट्क बड़ी रेंज में पिछले 50 वर्षों से निर्माण करती चली आ रही है जिसमें उपभोक्ताओं के घरों में सुंदर सजावट के साथ-साथ बिजली की बचत भी हो होगी इसकी शानदार मिसाल प्लाटिंग एल ई डी बल्ब जिसकी लाइफ 25000 घंटे इसकी साथ सुंदर सजावट के लिए स्ट्रीप लाइट सिलम ड्रीम और रेनबो डाउन लाइटर व बाहरी सजावट के लिए जगमग स्टडाइंग लाइट इस पर लिए सिटिंग लाइट आदि शामिल है इस अवसर पर बसुमित पांडे सी ओ ओ और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सूर्या ने प्लांट के मैं जानकारी दिए है बताया कि सूर्या जिसमें प्रयासों समर्पण भाव और नवाचार से लाइटिंग की इन्नोवेटिव रेंज को जीवित कर दिखाया आगामी सीजन उत्सवम होगा ऐसी पूरी टीम से सहराहना करता हूं सूर्या रोशनी सरकार की पी एल आई योजना के अनुरूप अपने टेक्नोलॉजी लैब और उत्पादन केंद्रों में 25 करोड़ का भारी निवेश कर रही है इस रणनीतिक कदम से आयात रोकने के साथ आत्मनिर्भरता बढ़ाने का लक्ष्य भी पूरा होगा ज्ञात रहे सूर्य रोशनी वर्ष 1973 में गठन के बाद से ही नियंत्रण विकास करते हुए लाइटिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का भरोसा बंद संगठन बन गई है स्टील पाइप और स्ट्रिप का कारोबार में अपने पैर जमा लिए 1973 में स्ट्रिप निर्माण के साथ सुरक्षा करने के बाद कंपनी 1984 में लाइटिंग 2010 में पी वी सी पाइप और 2014 में घरेलू उपकरण जैसे की पंखा प्रेस आदि का निर्माण और घरेलू उपकरणों जैसे उपभोक्ता वस्तुओं में कदम रखते हुए कारोबार में विविधता देने में सफल रही भारत में करने वाली ई आर डब्लू पाइप का सबसे बड़ा निर्माण है 2018 में 3 पी एल ई कोटिग प्लांट अप्रैल 2022 में डायरेक्टर फार्मिंग टेक्नोलॉजी डी सी आई लागू करने के साथ-साथ कंपनी व्यवसाय मजबूत कर रहा सूर्या चारों दशकों से अधिक समय से मजबूती से टिकी हुई है सूर्या 8000 करोड रुपए आमदनी के साथ मजबूती से निर्मात करने वाली सूर्या बनी

# शेठ एम. एन हाईस्कूल की विधार्थिनी प्रजापति मुस्कान लॉन टैनिस में चैंपियन।

## शेठ एम. एन. हाईस्कूल की अनुपम सिद्धि।

**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गुजरात।** ONGC महेसाना द्वारा वणिकर महेसाना स्थित 15/17 दिसंबर 2023 को रमोतोस्तव 2023 का अयोजन किया गया,जिसमे 700 के करीब स्पर्धकोने भाग लिया ।

उत्तर गुजरात युवक मण्डल संचालित शेठ एम.एन.हाइस्कूल की विधार्थिनी प्रजापति मुस्कान ने लॉन टैनिसमें भाग लिया और पूरे उत्तर गुजरातके स्पर्धको के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । मुस्कान पूरे उत्तर गुजरात स्पर्धकों के बीच फाइनल में



चैंपियन बनी। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि बेटी मुस्कान को जिमखाना के संतोष गुरुजी और स्कूल के व्यायाम शिक्षक भाई, श्री नरेशभाईने मार्गदर्शन दिया गया था। नॉर्थ गुजरात यूथ बोर्ड के माननीय अध्यक्ष उत्तर गुजरात के प्रतियोगियों के बीच हमारे स्कूल की बेटी मुस्कान के चैंपियन बनने के लिए प्रमुख श्री जे.के पटेल साहब, बोर्ड के माननीय मंत्री, श्री मनसुखभाई पटेल, संचालक मंडल के सभी सदस्य, स्कूल के आचार्यश्री धनराजभाई ठक्कर ने स्कूल के व्यायाम शिक्षक श्री नरेशभाई और पूरे स्कूल परिवार को शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

# नीति आयोग की आकांक्षीय जनपदों की वीसी संपन्न

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा मप्र राज्य नीति आयोग के माध्यम से आज 28 दिसंबर को वीसी आयोजित की गई। जिसमें आकांक्षा जिला कार्यक्रम में चयनित जिलों में जो कई क्षेत्रों में पिछ? हुए थे। उक्त योजना के माध्यम से उनके उन्नयन की पीपीटी एवं कहानी प्रदर्शित की गई एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा टीम वर्क से कार्य कर जिलों के उन्नयन पर बधाई दी गई एवं चयनित विकासखण्डों को भी तेजी से विकास हेतु शुभकामनाएं दी गई। 40 मानकों पर उक्त जिलों का विकास किया गया था। जिसके बहुत ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिले एवं जो जिले अत्यंत पिछ? थे, उन्होंने प्रगति करते हुए न सिर्फ प्रगति कि बल्की अपने प्रदेश में भी प्रथम स्थान पर पहचे। इसी योजना की सफलता को दृष्टिगत रखते हुए भारत शासन के द्वारा देश के 500 विकासखण्डों में आकांक्षा योजना चलाना प्रारंभ की गई है। खरगोन जिले में झिरन्या एवं भगवानपुरा विकासखण्डों का चयन उक्त योजना के तहत किया गया है। उक्त वीसी में बेहतर परिणाम कैसे प्राप्त किया जाए इस संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वीसी के पश्चात कलेक्टर श्री शर्मा ने शासन की योजना के अनुसार संबंधित विकासखण्डों को तेजी से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उक्त वीसी में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा, भगवानपुरा और झिरन्या के विकासखण्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# मुख्यमंत्री के 01 जनवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर ने की बैठक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिनांक 01 जनवरी 2024 को प्रस्तावित खरगोन में होने वाली मंचीय सभा कार्यक्रम, जन आभार यात्रा एवं संभागीय समीक्षा बैठक की तैयारी की आज कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने विभिन्न विभागों की बैठक आयोजित कर सभी विभागों के प्रस्तावित लोकार्पण, शिलान्यास की जानकारी प्राप्त कर विधिवत सूची बनकार तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा कालेज, हॉस्पिटल, कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण की संभावना देखते हुए कालेज, छात्रावासों, हॉस्पिटल एवं समस्त शासकीय कार्यालयों में व्यवस्थित रेकार्ड एवं साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। हॉस्पीटल में आक्सीजन सप्लाई, दवाईयां, आईसीयू की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुए किसान सम्मान निधि योजना की शत प्रतिशत ई-केवायसी अपडेट करने हेतु ताकीद किया गया। राजस्व के लंबित नामान्तरण, बटवारा प्रकरणों को तत्काल निराकरण करने हेतु तहसीलदारों/एसडीएम को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा, एडीएम श्री जेएस बघेल, श्रीमती लक्ष्मी गाम?, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री प्रशांत आर्या एवं विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सदगुरु महाराज के ज्ञान के द्वारा ही भगवान को जाना जा सकता है



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

एकदिवसीय सद्भावना समारोह का आयोजन दुर्गा कालोनी स्थित ग्राम बरुड़ में हुआ सद्गुरू सतपालजी महाराज के परम् शिष्य महात्मा कृष्णारथजी ने अपने आध्यात्मिक संदेश में कहा कि इस पंच तत्व शरीर में प्राण शक्ति विद्यमान हैं जिसका बोध समय के सदुरू महाराज करवाते हैं, सदुरू महाराज के ज्ञान से जीव सदगती को प्राप्त करता है, सर्वप्रथम साधक मनीष रावल के सुमधुर भजनों ने भक्ति मय वातावरण निर्मित किया जिसमें महिलाएं पुरूष बच्चो ने एकाग्रचित्त होकर महात्मा जी के विचारों को आत्मसात किया।कार्यक्रम में मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले, छीतर रोकड़े, सुनील गांगले,अमित रावल राजेश पगारे, आदि ने श्रद्धा पूर्वक आत्मिक आनन्द की अनुभूति प्राप्त की।

# खरगोन जिले का गोंगांवा ब्लाक के ग्राम मोहम्मदपुरा के समस्त बलाई समाज के लोगों ने खरगोन एसडीएम कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा गया




**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

समाज के लोगों ने बताया गया की ग्राम मोहम्मदपुरा में बलाई समाज की वर्षा पुरानी शमशान घाट की भुमि को अनावेदक द्वारा संगमत होकर रात के समय जीसीबी द्वारा उखाड कर समतल करने एवं बलाई समाज की वर्षा पुरानी पक्की कब्रो को जे सी बी से उखाड़ कर नष्ट किया गया इस जगह पर बरसो से बलाई समाज के लोगों को मरने के बाद दफनाया जाता है इस बात के गवाह समस्त मोहम्मदपुरा के जाती समाज के लोग गवाह है अनावेदक गण 15 के करीब से वृक्षों को काटकर अपने अपने घर पर लें गये ग्राम मोहम्मदपुरा के समस्त बलाई समाज के लोगों ने कार्यवाही करने हेतु जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा गया की ऐसे लोगों पर शासन प्रशासन कार्यवाही करे और हमारे पूर्वजों को लेकर इस जगह दफनाया जाता है हमारी जमीन हमें दिलाई जाये भगवान बडोले शंकर धर्मेन्द्र महेश केवड़े

# पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली एवं थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । रात्रि को पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव के द्वारा थाना सिटी कोतवाली एवं थाना उमरी का आकस्मिक भ्रमण कर निरीक्षण किया गया तथा थाना प्रभारियों एवं थाना पर मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिसिंग के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक भिण्ड थाना सिटी कोतवाली एवं थाना ऊमरी में पहुँचकर थानों का औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान थाना पर रात्रि ड्यूटी पर सन्तरी पहरा चैक किया तो सन्तरी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद मिलें एवं रात्रि ड्यूटी में लगा पुलिस बल उपस्थित मिला,पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सतेन्द्र राजपूत एवं थाना प्रभारी उमरी प्रभारी उपनिरीक्षक भान सिंह सिसौदिया की उपस्थिति में पृथक-पृथक उनके थानों पर लम्बित गम्भीर अपराधों एवं अन्य अपराधों की समीक्षा की गई एवं अपराधों का तत्काल निराकरण करने एवं अपराधियों की धरपकड आदि के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया साथ ही थाना में मौजूद मालखाना,आर्म्स एम्यूनेशन, बलवा ड्रिल सामग्री एवं टीयर गैस सेल,हवालात,कम्प्यूटर कक्ष चैक किया तथा ईनामी वारण्टी,स्थायी वारण्टी, गिर0 वारण्टी, फरारी बदमाश रजिस्टर को चैक किया गया। थानों पर उपस्थित बल से पुलिस अधीक्षक द्वारा चर्चा कर थानों की गश्त प्रणाली, मोटर सायकिल पार्टी, पॉइन्ट ड्यूटी के बारे में जानकारी ली व ड्यूटी रजिस्टर चैक किया तथा रात्रि ड्यूटी के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए एवं थाना सिटी कोतवाली द्वारा लगाये गए रात्रि गश्त के तीनों पॉइन्टों को कन्ट्रोल रुम से चैक गए जो पॉइन्ट ड्यूटी पर उपस्थित मिलें ।इस दौरान एसपी श्री यादव ने थानों पर पुलिस बल को निर्देशित करते हुए खासतौर पर रात्रि में पड रहे कोहरे के कारण चोरियों के बढने की सम्भावना को गम्भीरता से लेते हुए सर्तक रात्रि गश्त करने की हिदायत दी एवं आगामी नववर्ष 2024 के दौरान लगने वाली पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और उसकी तैयारियों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली और निर्देश दिए।

# जिला कांग्रेस ने 139 वां कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया देश के विकास में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को कांग्रेस कार्यालय पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनोज दैपुरिया के नेतृत्व में भारतीय राष्टीय कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमे वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सर्व प्रथम कांग्रेस पार्टी के ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मनोज दैपुरिया ने कहा कि हिंदुस्तान की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने स्वतंत्रता आंदोलन एवं देश की सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय इतिहास में देश को आजादी दिलाने से लेकर बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पंचायती राज समेत अनगिनत महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को सशक्त व मजबूत बनाने का काम किया। पनसिंह सुमन ने बाबूजी ने कहा मोदी राज में बढ़ी महंगाई कमर तोड़ने वालीदेश में केंद्र की मोदी सरकार ने महंगाई में बेहताशा वृद्धि कर कमर तोड़ने का काम किया है। वरिष्ठ नेता रामहर्ष सिंह कुशवाह और सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा, सद्भावना का संदेश देने के साथ यह यात्रा देश की एक नई दिशा और दशा तय करेगी। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने आगामी भारत न्याय यात्रा के बारे में जानकारी दी साथ ही लोकसभा चुनावों में कार्यकर्ताओ को शक्ति के साथ तैयार रहने की बात की। तो जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ने संगठन को मजबूती प्रदान और प्रशिक्षण वर्ग शुरू करने की बात कही कार्यक्रम को आशुतोष शर्मा,महिला सेवादल जिलाध्यक्ष स्मिता शर्मा,विवेक पचौरी, नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी एवं जिला कोषाध्यक्ष योगेश कुमार शाक्य एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा भदोरिया, उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,आशीष गुर्जर अहिबरन सिंह,हरनारायण शर्मा, गोविंद शाक्य,राजेश कुमार शाक्य, नयन सिंह राजावत बाराकला,दीपू दुबे,देवेंद्र चतुर्वेदी,शैलेंद्र सिंह भदोरिया,दर्शन सिंह तोमर,अरविंद सोनी,धर्मेंद्र सिंह भदोरिया,अजय विमल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सांसद श्री मिश्र ने किया श्रीमती रोशनी को सम्मानित



**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** पीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने श्रीमती रोशनी को शुभकामना देते हुए सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्रीमती रोशनी पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं उनका पीएससी की परीक्षा से सहायक संचालक उद्योग के पद पर चयन हुआ है। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला उपस्थित रहे।

## बगदरा घाटी चित्रकूट में काऊ सफारी के रूप में विकसित होगा गौ अभ्यारण्य - उप मुख्यमंत्री

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चित्रकूट के बगदरा घाटी में गौवंश संरक्षण के लिए काऊ सफारी के रुप में गौ अभ्यारण्य विकसित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बगदरा घाटी चित्रकूट में प्रवास के दौरान कहा कि यह क्षेत्र पुराने समय से गौमाता के प्राकृतिक रहवास के रूप में जाना जाता रहा है। इसलिए यहां विचरण करने वाले गौवंशीय पशु स्वस्थ रहते। उन्होंने कहा कि बगदरा घाटी में स?क के दोनों ओर 20-20 हेक्टेयर क्षेत्र में जंगल क्षेत्र को फेंसिंग कर वन्य प्राणियों से सुरक्षित किया जायेगा और लगे हुए राजस्व भूमि के 50 एक? जमीन पर गौशाला एवं अन्य सुविधाएं विकसित की जायेगी। उन्होंने कहा कि बसामन मामा गौ अभ्यारण्य की तर्ज पर यहां भी दानदाताओं और जनसहयोग से गौशाला के संचालन में सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी कलेक्टर डा. परीक्षित झाड़े भी उपस्थित रहे। जिला वनमंडलाधिकारी विपिन पटेल ने बगदरा घाटी में बनाए जाने वाले गौ अभ्यारण्य की रूपरेखा और कार्य योजना प्रस्तुत की।

## दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के तहत धारा-144 लागू

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** जिला दण्डाधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत रीवा, गोविंदगढ़ नई रेल लाइन परियोजना तथा गोविंदग? स्टेशन के निर्माण स्थल के निरीक्षण के आवागमन में बाधा उत्पन्न कराने वालों को रेल लाइन से 100 मीटर के आसपास रीवा स्टेशन के समीप इस मार्ग में आने वाले ग्रामों बांसा, अमिलकी, अमिरती आदि गांव के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोक परिशांति कायम करने हेतु रेलवे निर्माण विरोधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है।उन्होंने संबंधि क्षेत्र में एक साथ 8 से 10 लोगों का एक समूह के रूप में एकत्र होने, निरीक्षण कार्य के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने, परिवहन एवं निरीक्षण में कोई प्रदर्शन या बाधा उत्पन्न करने, कोई अन्य कार्य या कृत्य जो प्रक्रिया को बाधित करने तथा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए प्रतिबंधित आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि आज 29 दिसंबर को रेलवे के सुरक्षा कमिश्नर द्वारा रीवा-ललितपुर, सिंगरौली-सीधी रेल लाइन तथा गोविंदगढ़ स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण किया जाना है। इस दौरान भू-अधिग्रहित किसानों द्वारा निरीक्षण कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न करने एवं प्रदर्शन तथा कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना के मद्देनजर लोकहित में उक्त गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी किये गये हैं।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढ़ाढ़स



**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने रीवा प्रवास के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी श्री नारायण मिश्र के निवास पहुंचकर उनके पुत्र के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया तथा शोक संतप्त परिजनों को ढ़ाढस बंधाया। उप मुख्यमंत्री ने रीवा नगर निगम अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 9 निराला नगर में देवव्रत मिश्रा भैयू को श्रृद्धांजलि अर्पित की तथा उनके पिता श्री नारायण मिश्र को ढ़ाढस बंधाते हुए ईश्वर से इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस दौरान अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर शिवेन्द्र सिंह, सतीश सिंह, अरूण मिश्रा, अखिलेश शुक्ल भी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का हजारों हितग्राहियों को मिला लाभ

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)। .** रीवा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्रत्येक विकासखण्ड में दो-दो शिविर प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली गा?ी से केन्द्र सरकार की सभी प्रमुख योजनाओं की ऑडियो-विजुअल माध्यम से जानकारी दी जा रही है। इसके साथ-साथ पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भी शिविरों में भरवाए जा रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि अब तक संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के पात्र 2044 हितग्राहियों के एलपीजी गैस कनेक्शन के आवेदन पत्र भरवाए गए हैं। इन शिविरों में 625 व्यक्तियों को आयुष्मान भारत कार्ड स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान किय गया है। इससे वे पंजीकृत अस्पतालों में हर साल 5 लाख रुपए तक का उपचार निःशुल्क करा सकेंगे। प्रभारी कलेक्टर ने बताय कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न बैंकों के द्वारा शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लिए 20697 हितग्राहियों के आवेदन भरवाए गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 2019, किसान क्रेडिट कार्ड के लिए 178 तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 841 हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए गए हैं। संकल्प यात्रा के दौरान 71199 व्यक्तियों ने विकसित भारत का संकल्प लिया। अब तक 182 ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में 100933 व्यक्तियों ने भागीदारी निभाई। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 35431 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की गई। शिविरों में 20957 व्यक्तियों की क्षय रोग के संबंध में जाँच की गई। इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 2968 हितग्राहियों ने योजनाओं के लाभों से जुड़ी मेरी कहानी सुनाई। संकल्प यात्रा से आमजनों को लगातार लाभान्वित किया जा रहा है।

## टी.आर.एस.कॉलेज के प्राध्यापकों द्वारा कॉलेज चलो अभियान का क्रियान्वयन

### टी.आर.एस.कॉलेज के प्राध्यापकों ने कॅरियर बनाने के लिए छात्रों को दिये निर्देश

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** म.प्र.शासन उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन डॉ. अच्युत पाण्डेय एवं डॉ. अखिलेश शुक्ल के संयोजकत्व में प्राध्यापकों द्वारा "कॉलेज चलो अभियान" संचालित किया जा रहा है। मार्तण्ड क्र. 01 डॉ. नित्यानंद चौधरी, डॉ. दयानंद चौरसिया, शा.उ.मा.विद्यालय मार्तण्ड क्र. 02 डॉ. निवेदिता टेम्भरे, डॉ. मीना परस्ते, शा.उ.मा.विद्यालय क्र. 01 गुढ चौराहा, प्रो. सत्येन्द्र पटेल, डॉ. कृपाशंकर तिवारी, शा.उ.मा.विद्यालय क्र. 02 गुड़ चौराहा, डॉ. नागेश त्रिपाठी, डॉ. अजिता मिश्रा, शा.उ.मा.विद्यालय प्रवीण कुमारी रीवा, डॉ. बृजेश साकेत, डॉ. आशुतोष शुक्ला, शा.उ.मा.विद्यालय मार्तण्ड क्र. 03 डॉ. रवीन्द्र धुर्वे, डॉ. आरती उपाध्याय ने विद्यालयों में जाकर महाविद्यालय की गतिविधियों एवं म.प्र.शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। मार्तण्ड क्र. 03 में पहुंचकर नोड्ल अधिकारी डॉ. अच्युत पाण्डेय एवं डॉ. अखिलेश शुक्ल ने छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, प्रवेश तथा बेहतर कॅरियर बनाने के लिए टिप्स प्रदान किये। सत्र 2023-24 की ई-प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में छात्रों को विस्तार से बताया राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक स्तर पर चलाये जा रहे पाठ्यक्रम, एन.सी.सी., एन.एस.एस., क्रीडा, रेडक्रास आदि की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गयी। महाविद्यालय में शासन द्वारा प्राप्त होने वाले छात्रवृत्तियों के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया गया।

## अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशिा दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठनकिया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ित को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

## दोपहिया वाहनचालक और पीछे बैठने वाले को हेलमेट पहनना अनिवार्य

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार चार पहिया वाहन के चालक तथा सवारियों को सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य किया गया है। इसी तरह दोपहिया वाहन के चालक तथा साथ में बैठने वाले को हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि सभी वाहन चालक माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए स्कूटर, मोटरसाइकिल, स्कूटी आदि चलाते समय चालक तथा पीछे बैठने वाला दोनों व्यक्ति हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें। इसी तरह चार पहिया वाहन के चालक तथा उसमें बैठने वाले सीटबेल्ट अवश्य लगाएं। वाहन दुर्घटनाएं रोकने तथा दुर्घटना के कारण असमय होने वाली मौत को रोकने के लिए माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश दिए गए हैं। रीवा जिले में यातायात पुलिस आगामी 10 जनवरी तक लगातार विशेष अभियान चला रही है। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट लगाने की समझाइश दी जा रही है। इसका उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध लगातार चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। सभी दोपहिया तथा चार पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करें। हेलमेट और सीटबेल्ट आपकी सुरक्षा के लिए हैं। इनका उपयोग न करके आप एक ओर अपने जीवन को खतरे में डालते हैं। दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करके दण्ड के भागी बनते हैं। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा पूरी सावधानी बरतें।

## आकांक्षी विकासखण्डों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के विकास पर ध्यान दें - प्रभारी कलेक्टर



**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।.** बाणसागर सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि आकांक्षी विकासखण्डों में जिले के सिरमौर, जवा तथा हनुमना विकासखण्ड शामिल हैं। इन विकासखण्डों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा आजीविका के अवसरों के विकास पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए तीन माह, छ- माह और एक वर्ष की कार्ययोजना तैयार करें। निर्धारित समय सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति करें तभी आकांक्षी विकासखण्डों के सूचकांकों में सुधार होगा। इन विकासखण्डों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कौशल उन्नयन का कार्यक्रम निर्धारित करके उसके अनुरूप प्रशिक्षण आयोजित कराएं। आकांक्षी विकासखण्डों के निर्धारित सूचकांकों से जुड़ी केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं। इनके क्रियान्वयन की नियमित मॉनीटरिंग कर हर माह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में एसडीएम जवा सोनाली देव, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के आर्थिक विकास के लिए जनवरी में होगा विचार मंथन

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** . रीवा जिले में आजीविका का मुख्य साधन कृषि, उद्यानिकी और पशुपालन है। गत 15 वर्षों में जिले में बाणसागर बांध की नहरों के विस्तार से सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि हुई है। जिसके कारण खेती में तेजी से विकास हुआ है। परंपरागत खेती के साथ-साथ सब्जी, फल तथा फूलों की खेती की ओर उन्नत किसानों ने कदम बड़ाए हैं। कृषि पर आधारित उद्योगों की भी स्थापना की जा रही है। जिले के आर्थिक विकास के लिए उद्योगों तथा उससे जुड़े विभिन्न आयामों के विकास के लिए आगामी जनवरी माह में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर विचार मंथन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि आर्थिक विकास से जुड़े सभी व्यक्तियों और संस्थाओं को कार्यशाला मे शामिल करें। कार्यशाला से जिले के आर्थिक विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय होने चाहिए। इन निर्णयों को लागू कराने के लिए लगातार फालोअप करें। डॉ सोनवणे ने कहा कि कार्यशाला में जिले के उद्यमी, अच्छे किसान, व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधि, ट्रांसपोर्टर, वेयरहाउस संचालक तथा आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न विभागों जैसे कृषि, उद्योग, उद्यानिकी, पशुपालन आदि के भी अधिकारियों को शामिल करें। कृषि में आधारित उद्योगों के उत्पादों को निर्यात करने के लिए कार्ययोजना तैयार करें। खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना के लिए भी प्रयास करें। कार्यशाला में उद्योगों की स्थापना से जुड़े अधोसंरचना जैसे सड़क, बिजली, पानी, हवाई सेवा आदि से भी संबंधित व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। जिले के विभिन्न उत्पादों को एक प्लेटफार्म पर लाकर ऑनलाइन बिक्री भी आवश्यक है। इसके लिए भी पोर्टल अथवा वेबसाइट बनाने की पहल करें। बैठक में औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक यूके तिवारी ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## रीवा से प्रयागराज जा रही बस अनियंत्रित होकर पलटी-

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)। जिले के सुहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुहागी पहाड़ पर हुई है जहां से रीवा से प्रयागराज जा रही आभा ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके कारण बस में सवार तकरीबन 30 यात्री सामान्य रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंथर ले जाया गया था। जहां इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है घटनाओं के पीछे की वजह कोहरे को बताया गया है।**

## बैंकों में प्रेषित सभी प्रकरणों को आगामी एक माह में प्राथमिकता से ऋण स्वीकृति देना सुनिश्चित करें - सांसद श्री जनार्दन मिश्र

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक सांसद श्री जनार्दन मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद श्री मिश्र ने कहा कि बैंकों में प्रस्तुत सभी प्रकरणों को आगामी एक माह में प्राथमिकता से ऋण की स्वीकृति दी जाय यदि बैंक द्वारा बदनियती से प्रकरण को अस्वीकृत किया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध भारत सरकार के वित्त मंत्री को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन का संकल्प है कि हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाया जाय। अत- विभागीय अधिकारी व बैंकर्स पूरे समन्वय के साथ ऋण स्वीकृत कराने में तत्परता बरतें तथा इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित डीएलसीसी की बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि कृषि के साथ-साथ उद्यम क्षेत्र के प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृति दें। वार्षिक ऋण योजना ब?ाये। जिले में पशु एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में ऋण स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें तथा सभी विभागों के लक्ष्य की पूर्ति आगामी दो माह में हरहाल में कर ली जाय। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिये कि एमएसएमई से संबंधित विभागीय प्रकरणों की प्राथमिकता से स्वीकृति दें तथा शिक्षा ऋण के बारे में विद्या लक्ष्मी पोर्टल की जानकारी शिक्षकों को देकर जागरूक करें तथा अधिक से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को इस अभिनव योजना के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि टंटन्ना मामा आर्थिक कल्याण, विरसा मुण्डा स्वरोजगार, संत रविदास स्वरोजगार एवं अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के प्रकरणों की स्वीकृति में तत्परता बरतें। प्रभारी कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिये कि हर माह होने वाली बीएलबीसी तथा विशेष डीएलसीसी की बैठकों से पूर्व बैंकों की मॉनीटरिंग करें तथा कार्य में शिथिलता बरतने वाले बैंकर्स के बारे में अवगत करायें। बैठक में मत्स्य पालन विभाग अन्तर्गत घुरेहटा ब्रांच में गत पांच माह पूर्व स्वीकृत प्रकरण के अभी तक वितरित न किये जाने पर संबंधित बैंक मैनेजर के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की बात सांसद श्री जनार्दन मिश्रा ने कही। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित श्री राजेश पाण्डेय ने सुझाव दिया कि पशु पालन के प्रकरणों की स्वीकृति के उपरांत हितग्राहियों को उन्नत नश्ल के गौवंश की उपलब्धता के लिए लक्ष्मणबाग गौशाला में विक्रय केन्द्र बनाया जाय ताकि यहां से हितग्राही आसानी से उन्नत नश्ल की गाय क्रय कर सकें। उन्होंने पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग के विभिन्न शाखा में लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत देने की अपेक्षा बैंकर्स से की। बैठक में सीडी रेसियों, किसान क्रेडिट कार्ड सहित नावार्ड द्वारा संचालित योजनाओं के अतिरिक्त केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं में ऋण स्वीकृति की विभागवार समीक्षा की गयी। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक संजय कुमार निगम ने विभागीय योजनाओं की बैंकवार प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बैंकर्स से अपेक्षा की कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को तत्परता से निराकृत करायें। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सिरमौर भूपेन्द्र सिंह, एमपीआईडीसी के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर यूके तिवारी, यूबीआई के रीजनल हेड अजय खरे, आरबीआई के प्रतिनिधि रामनागर सहित बैंकर्स व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# क्या आप भी तरबूज के बीजों को बेकार समझकर फेंक देते हैं, तो जानें इससे होने वाले बड़े फायदे



तरबूज में कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो शरीर को कई प्रकार के बीमारियों से बचाते हैं। आप अपनी डाइट में इन बीजों को कई तरीकों से शामिल कर सकते हैं। इनमें प्रोटीन जिंक कैल्शियम जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो शरीर के लिए जरूरी हैं। आइए जानते हैं इन बीजों को खाने से होने वाले लाभ।

तरबूज के बीजों में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें प्रोटीन, जिंक, पोटैशियम, ओमेगा-3 फैटी एसिड आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। आप इन बीजों को स्नैक के रूप में खा सकते हैं, इनमें कैलोरी की मात्रा ज्यादा नहीं होती है। इन बीजों में एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है। जो आपको कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं इन बीजों को खाने के फायदे। हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देते है तरबूज के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें मौजूद मैग्नीशियम हाई बीपी का स्तर सामान्य रखने में मददगार है। इसके अलावा यह हृदय स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। इसलिए आप अपनी डाइट में तरबूज के बीज जरूर शामिल करें। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मददगार तरबूज के बीज इम्युनिटी बूस्टर के रूप में भी जाने जाते हैं। इन बीजों में विटामिन-बी पाया जाता है, जो आपको कई समस्याओं से बचाते हैं। ये बीज पेट को भरा रखने में मदद करते हैं। आप इसे अपनी डाइट में कई तरीकों से शामिल कर सकते हैं। हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बढ़ती उम्र के कारण हड्डियों से जुड़ी समस्याएं आम हैं, लेकिन आजकल बदलती लाइफस्टाइल के कारण लोगों को आर्थराइटिस की समस्या हो रही है, ऐसे में आप अपनी डाइट का खास ख्याल रखें। तरबूज के बीजों के नियमित सेवन से हड्डियों के विकारों को रोकने में मदद मिल सकती है। डायबिटीज के मरीजों के लिए गुणकारी मधुमेह रोगियों के लिए भी तरबूज के बीज किसी वरदान से कम नहीं है। ये फाइबर से भरपूर होते हैं और आपके रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में भी मदद करते हैं। अगर आप भी डायबिटीज के मरीज हैं, तो तरबूज के बीजों को अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं। बालों के लिए लाभदायक तरबूज के बीज प्रोटीन और आयरन से भरे होते हैं। इनमें मैग्नीशियम की मात्रा अधिक होती है, यह बालों को स्वस्थ बनाने में मदद करता है। अगर आप झड़ते बालों से परेशान हैं, तो तरबूज के बीज आपके लिए काफी मददगार साबित हो सकते हैं। खाने में तरबूज के बीजों का इस तरह करें इस्तेमाल तरबूज के बीजों को सुखाकर एक पैन में भून लें। इन्हें एयरटाइट कंटेनर में कई दिनों तक स्टोर कर सकते हैं। आप इन छोटे बीजों को अपने सलाद या ड्राई फ्रूट्स के साथ खा सकते हैं। अगर आप इसे बीज के रूप में नहीं खाना चाहते हैं, तो आप इसका पाउडर बनाकर भी इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।

# 2023 के पार, नये के आसार!



विकल्प की इस संभावना के सामने इस माने में एक भारी चुनौती है कि संघ-भाजपा ने, मोदी राज के दस साल में हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता पर टिके अपने मूलाधार को बहुत मजबूत कर लिया है। इस मूलाधार के गिर्द तरह-तरह की लाभार्थी योजनाओं, आश्वासनों, उम्मीदों तथा भ्रमों के सहारे, जो समर्थन संघ-भाजपा जुटाने में अब तक कामयाब रहे थे, उसका बड़ा हिस्सा अगर उनसे दूर छिटक भी जाए, तब भी उनका यह समर्थक मूलाधार अपनी जगह रहेगा।हैरानी की बात नहीं है कि साल के आखिर तक आते-आते भाजपा पूरी तरह से, आगामी आम चुनाव के लिए चुनावी मोड में आ चुकी है। इस लिहाज से संसद के शीतकालीन सत्र के असमय अंत के तुरंत बाद हुई भाजपा के केंद्रीय तथा राज्य स्तरीय शीर्ष पदाधिकारियों की दो दिनी बैठक से दिए गए संकेतों में वैसे तो कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है। फिर भी, ये संकेत से तीन-चार महीनों में ही होने जा रहे आम चुनाव के लिए, सत्ताधारी पार्टी की आने वाले दिनों की प्रमुख पहलों और कार्यनीतियों को तो उजागर करते ही हैं। यह दूसरी बात है कि इन कार्यनीतियों में, बढ़-चढ़कर दावे करने और इसके सहारे, मीडिया पर अपने लगभग मुकम्मल नियंत्रण के जरिए, अपने अपराजेय होने की छवि को पुख्ता करने की कार्यनीतियां भी शामिल हैं। इस बैठक से कम से कम दो ऐसे बढ़े-चढ़े दावे निकले हैं, जिनका आने वाले दिनों में काफी ढोल पीटा जाना तय है। इनमें पहला है, यह दावा कि भाजपा, 2024 के आम चुनाव में अपने वोट में 10 फीसद बढ़ोतरी करने और 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने के लिए काम करने जा रही है। बूथ-आधार को और पुख्ता करने तथा जातिगत समीकरणों को और मजबूती से साधने को व लाभार्थियों को पूरी तरह अपने पाले में करने को, इसका मुख्य उपाय बताया गया है। दूसरा, दावा यह है कि भाजपा इस बार लोकसभा की उन 160 सीटों पर भी जोरदार प्रदर्शन करने की तैयारी करने जा रही है, जिन पर 2019 के आम चुनाव में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

संभवत: इन दोनों ही दावों तथा खासतौर पर बाद वाले दावे का विस्तार, संघ-भाजपा के बीच से उछाले जाने शुरू हो गए, 'अब की बार, चार सौ पार% के नारे में देखा जा सकता है। बाकायदा यह नारा उछाले जाने की शुरूआत, पर्यावरण संबंधी विश्व सम्मेलन, कार्प-28 के सिलसिले में प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की यात्रा के दौरान हुई थी, जब उनके स्वागत के लिए जुटे अनिवासी भारतीयों के मुंह से संभवत- पहली बार, यह नारा बाकायदा सुनने को मिला था। उसके बाद से, खुद प्रधानमंत्री मोदी भी इस तरह के नारों को इशारों में आगे बढ़ाते रहे हैं। संसद के हाल ही के सत्र के दौरान, सरकार का विरोध करने वाली पार्टियों के सांसदों के थोक के हिसाब से अभूतपूर्व निलंबनों के बीच, सत्ताधारी भाजपा के संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री ने, अगली बार बैठक के हाल की खाली सीटें भी भर जाने की बात कहकर, इसी तरह के नारों की ओर इशारा किया था। हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी उक्त दावा करते हुए, यह कहकर विपक्षी सांसदों के निलंबनों को सही ठहराने की ही कोशिश कर रहे थे कि आने वाले चुनाव में जनता, विपक्ष की सीटें और कम कर के और भाजपा की सीटें और बढ़ाकर, विपक्ष को सजा देगी।कहने की जरूरत नहीं है कि इस तरह के बढ़े-चढ़े दावे करने के जरिए, अपनी अजेयता की छवि बनाने की कोशिश करने के लिए, जान-बूझकर बहुत बढ़ा-चढ़ाकर अपनी संभावनाओं को दिखाने में संघ-भाजपा को कोई हिचक नहीं होती है। मिसाल के तौर पर यह मानना मुश्किल है कि हाल के ही विधानसभाई चुनावों में तेलंगाना में, जहां भाजपा के हिस्से में कुल आठ सीटें आई हैं, भाजपा जब अपनी सरकार बनाने के दावे कर रही थी और राज्य को पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग का मुख्यमंत्री देने के दावे कर रही थी, तब संघ-भाजपा को इसका अंदाजा ही नहीं था कि वे मुख्य चुनावी मुकाबले से बाहर, काफी पीछे तीसरे स्थान पर रहेंगे। अमित शाह समेत भाजपा के शीर्ष नेतागण, निस्संकोच इस तरह के बेतुके दावे करने पर, यह कहकर सफाई देते रहे हैं चुनाव में तो हर कोई यही कहता है कि हम जीत रहे हैं।कहने की जरूरत नहीं है कि 2024 में 50 फीसद से ज्यादा वोट लेकर, 2019 के सीटों के अपने 303 के आंकड़े में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करने के भाजपा के दावों को, बहुत गंभीरता से शायद ही कोई ले सकता है। याद रहे कि 2019 में अपनी झाड़ूमार जीत के बावजूद, भाजपा कुल 37.4 फीसद वोट ही हासिल कर पाई थी। अपने सहयोगी दलों को मिलाकर भी उसके नेतृत्व वाले एनडीए को, कुल 45 फीसद वोट ही मिल पाए थे। इसके बावजूद, सत्ताधारी पार्टी और उसके गठजोड़ की चुनावी कामयाबी, उसकी अपनी बढ़त से ज्यादा, विपक्ष के वोटों के बिखराव का ही नतीजा थी। बेशक, पुलवामा की घटना और बालाकोट की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में, प्रच्छन्न रूप से युद्ध जैसा वातावरण बनाने और उसके सहारे राष्ट्रवादी भावनाओं को भुनाने के जरिए, भाजपा और उसके सहयोगी, 2019 में न सिर्फ चुनाव जीतने में बल्कि अपना वोट बढ़ाने में भी कामयाब रहे थे। फिर भी, इस राष्ट्रवादी हवा की सबसे बड़ी लाभार्थी बनी भाजपा का वोट, 2014 के 31.1 फीसद से उल्लेखनीय रूप से बढ़ा जरूर था, लेकिन 37.4 फीसद तक ही पहुंच पाया था। वैसी हवा के बिना अकेले भाजपा को तो छोड़ ही दें, उसके गठजोड़ का भी 50 फीसद वोट का आंकड़ा छूना दिवा स्वप्न ही लगता है।इसकी मुख्य वजहें दो हैं। पहली तो यही कि भाजपा से जनता के बढ़ते मोहभंग और उसके खिलाफ बढ़ते पैमाने पर सामने आते असंतोष, विशेष रूप से बेरोजगारी तथा महंगाई के मुद्दों पर युवाओं के तथा आम लोगों के असंतोष के चलते, भाजपा के लिए पिछले आम चुनाव का 37.4 फीसद का आंकड़ा बनाए रखना भी बहुत मुश्किल होने जा रहा है, फिर इसमें किसी उल्लेखनीय बढ़ोतरी का तो सवाल ही कहां उठता है। दूसरे, 2019 और 2024 के चुनावों के बीच, भाजपा के नेतृत्व वाले गठजोड़ की शक्ल पूरी तरह से बदल चुकी है। बिहार, पंजाब, महाराष्ट्र और तमिलनाडु, चार ऐसे बड़े राज्य हैं, जहां अपने गठजोड़ के समीकरणों में अपने भारी प्रतिकूल उलट-फेर के चलते, भाजपा को 2019 के मुकाबले, सीटों और वोट दोनों में ही उल्लेखनीय घाटे का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा इन सच्चाइयों को बखूबी पहचानती है। लेकिन, इसलिए भी वह 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने जैसे अतिरंजित दावों के जरिए, और भी जोर-शोर से अपने जीत के प्रति आश्वस्त होने की झूठी धारणा बनाने कोशिश कर रही है।

भाजपा को इस झूठी धारणा की जरूरत इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि उसे बखूबी पता है कि 2024 का चुनाव, 2019 के चुनाव से काफी भिन्न होगा। उसके प्रति रुख के लिहाज से, 2024 के चुनाव का मतदाता तो 2019 के चुनाव के मतदाता से काफी भिन्न होगा ही, इसके अलावा चुनाव में उसका मुकाबला जिस विपक्ष से होने जा रहा है, वह भी 2019 के उसके विपक्ष के मुकाबले बहुत भिन्न होगा। यहीं इंडिया गठबंधन का गठन और उसका मैदान में उतरना बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। यह गठबंधन बेशक, भाजपा के गठजोड़ के मुकाबले विपक्ष के वोटों की ज्यादा से ज्यादा एकजुटता के जरिए, एक बड़ा गणित खड़ा करने जा रहा है। यह गणित किसी न किसी हद तक इस सीधी सी सच्चाई को ही प्रतिबिंबित कर रहा होगा कि 2019 के चुनाव में भी, 55 फीसद वोट भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ, उन्हें ठुकराते हुए ही पड़ा था। इस गणितीय सच्चाई से आगे, इंडिया गठबंधन आगे-आगे विपक्ष की एकता के रसायन को भी सामने लाएगा, जो वर्तमान मोदी राज से गरीब-मेहनतकशों के बढ़ते असंतोष को, विकल्प की दिशा देगा। बेशक, इस रूप में विकल्प अभी सिर्फ एक संभावना है, जिसके लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है, लेकिन यह एक बहुत ही वास्तविक संभावना है।वकल्प की इस संभावना के सामने इस माने में एक भारी चुनौती है कि संघ-भाजपा ने, मोदी राज के दस साल में हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता पर टिके अपने मूलाधार को बहुत मजबूत कर लिया है। इस मूलाधार के गिर्द तरह-तरह की लाभार्थी योजनाओं, आश्वासनों, उम्मीदों तथा भ्रमों के सहारे, जो समर्थन संघ-भाजपा जुटाने में अब तक कामयाब रहे थे, उसका बड़ा हिस्सा अगर उनसे दूर छिटक भी जाए, तब भी उनका यह समर्थक मूलाधार अपनी जगह रहेगा। और सका आकार भी अब काफी बढ़ चुका है।अपने इस हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक आधार को लगातार पुख्ता करने तथा उसका विस्तार करने की कोशिश में संघ-भाजपा, लगातार जिस तरह सांप्रदायिक मंतव्यों को भुनाने में सक्रिय रहते हैं, वैसे ही एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे के तौर पर भाजपा के शीर्ष नेताओं की हाल की बैठक ने, अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठ आयोजन की पहचान की है।

## संपादकीय

# सुरंग में फंसा इंसाफ

उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग हादसे की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। जिसमें प्रारंभिक तौर पर कई खामियों और कमियों का जिक्र किया गया है। इन गड़बड़ियों के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा, और सजा का निर्धारण कैसे होगा, ये तो बाद के सवाल हैं। लेकिन अभी ये देखकर आश्चर्य हो रहा है कि इस सुरंग में काम फिर से शुरु हो गया है।23 दिसंबर को प्रकाशित द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार इस बार सुरंग के दूसरे छोर यानी बड़कोट की ओर काम शुरू हुआ है। करीब 40 मजदूरों ने सुरंग पर काम शुरू कर दिया है और बीते 21 दिसंबर की सुबह ऑगर मशीन, स्लरी मशीन और बैकहोज समेत भारी उपकरण काम पर लगाए गए थे। इस खबर से एक बात फिर तय हो गई कि भारतीय समाज की स्मरण शक्ति बेहद कमजोर हो चुकी है। इसके साथ ही एक समाज के तौर पर हम इतने आत्मकेन्द्रित हो चुके हैं कि हमें न इंसानों की, न पशु-पक्षियों की, न प्रकृति की सुध लेने की फिक्र है।

छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य में मशीनों से जिंदा पेड़ों को काटकर जंगल की लाश बिछाई जा रही है, लेकिन चिंता की दो-चार आवाजों के अलावा हर जगह बेफिक्री दिखाई दे रही है। सदियों में तैयार हुए जंगल क्या फिर से कभी खड़े हो पाएंगे, ये सवाल समाज को परेशान नहीं कर रहा। इसी तरह उत्तराखंड हादसे के बाद भी अफसोस का कोई लक्षण दिखाई नहीं दिया, बल्कि चारधाम यात्रा के लिए ऑल वैदर रोड को विकास की नयी मिसाल के तौर पर पेश किया गया। 41 मजदूरों की जान 17 दिन तक अंधेरी सुरंग में फंसी रही, अब फिर उसी सुरंग पर काम शुरु हो गया है।

गौरतलब है कि पिछले महीने नवंबर में दीपावली के दिन उत्तरकाशी के सिलक्यारा से बड़कोट के बीच बन रही सुरंग में 41 मजदूरों के फंसने की खबर सामने आई थी। पूरे 17 दिनों तक सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने की कोशिश होती रही। विदेशों से विशेषज्ञ बुलाए गए, मशीनें बुलाई गईं। सुरंग के भीतर जाने के कई तरीके आजमाए गए। सुरंग के द्वार पर मंदिर भी बना दिया गया। लेकिन हर कोशिश नाकाम होती दिखी। हालांकि इस बीच मजदूरों से संपर्क स्थापित हो पाया और उन्हें किसी तरह भोजन पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई। बाहर की दुनिया से संपर्क और भोजन की बदौलत फंसे हुए मजदूरों का हौसला बना रहा। फोरमैन गब्बर सिंह नेगी ने 17 दिनों तक अपने साथी मजदूरों को जिस तरह हिम्मत बंधाई, उन्हें निराश नहीं होने दिया, वह एक मिसाल ही है। प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता के गुर किताबों के बाहर असल जीवन के ऐसे उदाहरणों से भी लिए जा सकते हैं। बहरहाल, फंसे हुए मजदूरों को निकालने में पूरी जद्दोजहद के बाद आखिरकार रैट माइनर्स की मदद से सुरंग के भीतर पहुंचने में सफलता मिली। 12 रैट माइनर्स ने जान जोखिम में डालकर हाथों से मलबे को बाहर निकालने का काम किया। जो काम महंगी मशीनों से नहीं हुआ, उसे इंसानी हाथों और हौसलों ने पूरा कर दिखाया। लेकिन इन रैट माइनर्स को 17 लोगों की जान बचाने के एवज में उत्तराखंड सरकार ने 50-50 हजार का इनामी चेक थमा दिया। जिसे रैट माइनर्स ने सरकार को यह कहते हुए वापस कर दिया है कि यह राशि उनके द्वारा उठाए गए जोखिम की भरपाई नहीं करती है।बात सही भी है और समाज के दोहरे मापदंड वाले रवैये को भी दिखाती है। यहां करोड़ों में बिकने वाले आईपीएल खिलाड़ियों की चर्चा होती है, लेकिन जान जोखिम में डालकर दूसरों की जान बचाने वाले रैट माइनर्स को मिले मामूली इनाम पर कोई चर्चा नहीं होती। कायदे से इन्हें समाज और सरकार की ओर से सम्मानित किया जाना चाहिए। मगर गरीबों के लिए शायद यही पैमाना है कि उन्हें छोटा-मोटा इनाम देकर विदा कर दिया जाए। यही पैमाना पीड़ित मजदूरों के लिए भी है, इसलिए जिन लोगों के कारण 41 लोगों की जिंदगी दांव पर लगी रही, उन्हें किस तरह दंडित किया जाएगा, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि शीयर जोन के हिसाब से परियोजना का गलत अलाइनमेंट किया गया। शियर जोन स्थानीय दबाव के कारण बने विकृत, कमजोर और पतली चट्टानों के बारे में बताता है। ऐसे इलाकों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है।

# पनामा में पर्यावरण के लिए प्रतिरोध



'कोबरे पनामा' के नाम से जानी जाने वाली यह खदान 2019 से उत्पादन कर रही थी और प्रति वर्ष 300,000 टन तांबा निकाल रही थी। यह देश के 'सकल घरेलू उत्पाद' (जीडीपी) का लगभग पांच प्रतिशत और पनामा के निर्यात का 75 प्रतिशत है। खनन क्षेत्र पनामा के 'जीडीपी' में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें 'कोबरे पनामा' सबसे महत्वपूर्ण खदान रही है।

मध्य अमेरिकी देश पनामा की खुले गड्ढे वाली तांबे की खदान के खिलाफ जनता के विरोध प्रदर्शन ने पनामा को एक महीने से अधिक समय से घेराबंदी की स्थिति में रखा है। सड़क पर खड़े किये गये अवरोधों के कारण गैस और प्रोपेन ईंधन की कमी हो गई है। कई सुपर मार्केट की अलमारियां खाली हैं और रेस्टोरेंट, होटल सूने हैं, लेकिन 28 नवम्बर 2023 को पनामा में प्रदर्शनकारियों को खबर मिली कि सुप्रीम कोर्ट ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है कि व्यापक पर्यावरण विरोध का केंद्र बिंदु रही कनाडाई तांबे की खदान, 'कोबरे पनामा' के लिए 20 साल की रियायत असंवैधानिक है। यह भी पता चला कि पनामा के राष्ट्रपति ने कहा है कि खदान को बंद करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी।

खबर सुनते ही लोग सड़कों पर निकल आये। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के सामने सड़क पर डांस किया। उन्होंने लाल, सफेद और नीला पनामा का झंडा लहराया और राष्ट्रगान गाया। एक प्रदर्शनकारी रायसा बानफ़ील्ड ने कहा - 'यही वह चीज़ है जिसका हम इंतज़ार कर रहे थे।' कनाडा के 'फर्स्ट क्वांटम मिनरल्स' की स्थानीय सहायक कंपनी 'मिनेरा पनामा,' जो पनामा में खदान का संचालन करती है, ने एक बयान में कहा कि 'कोबरे पनामा अदालत के फैसले को स्वीकार करता है।'कोबरे पनामा' के नाम से जानी जाने वाली यह खदान 2019 से उत्पादन कर रही थी और प्रति वर्ष 300,000 टन तांबा निकाल रही थी। यह देश के 'सकल घरेलू उत्पाद' (जीडीपी) का लगभग पांच प्रतिशत और पनामा के निर्यात का 75 प्रतिशत है। खनन क्षेत्र पनामा के 'जीडीपी' में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें 'कोबरे पनामा' सबसे महत्वपूर्ण खदान रही है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 'कोबरे पनामा' देश के पर्यावरण के लिए एक आपदा है, इससे जंगली तटीय क्षेत्र को नुकसान होगा और विशेष रूप से जल-आपूर्ति को खतरा होगा। यह एक विदेशी निगम को दिया गया तोहफा है, जिसे जनता ने देश की संप्रभुता पर हमला करार दिया है। संप्रभुता का यह प्रश्न पनामावासियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि उन्होंने पनामा नहर क्षेत्र को अमेरिका के नियंत्रण से छुटकारा दिलाने के लिए 20वीं सदी में एक लम्बी लड़ाई लड़ी थी।

सी ओपन-पिट खदान को पिछले साल अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जब सरकार और 'फर्स्ट क्वांटम' के बीच सरकार द्वारा वांछित भुगतान पर बातचीत टूट गई थी। मार्च 2023 में पनामा की विधायिका 'फर्स्ट क्वांटम' के साथ एक समझौते पर पहुंची, जिससे 'मिनेरा पनामा' को कम-से-कम 20 और वर्षों तक विशाल तांबे की खदान का संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई।

इसे 20 अक्टूबर 2023 को कांग्रेस के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ाया गया। पनामा के राष्ट्रपति कॉर्टिज़ो ने कुछ घंटों में ही इस पर हस्ताक्षर कर अनुबंध को अंतिम मंजूरी दे दी, जिससे सहायक कंपनी को अगले 20 वर्षों के लिए राजधानी के पश्चिम में अटलांटिक तट पर एक जैव-विविधता वाले जंगल में खदान का संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई। राष्ट्रपति और उनके मंत्रिमंडल ने नए अनुबंध की सराहना करते हुए कहा था कि इससे राज्य और पनामा की जनता को अप्रत्याशित लाभ होगा।देश की जनता और पर्यावरण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रपति, उनका मंत्रिमंडल और कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी इस अनुबंध से सहमत और संतुष्ट नहीं कर पाए। खदान पर विवाद के कारण हाल के वर्षों में पनामा में सबसे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें खदान के बिजली संयंत्र की नाकाबंदी भी शामिल थी। प्रदर्शनकारियों ने पैन-अमेरिकन राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी अवरुद्ध कर दिया था।

'मिनेरा पनामा' ने इस महीने की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि प्रदर्शनकारियों की छोटी नौकाओं ने कोलन प्रांत में उसके बंदरगाह को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे खदान तक किसी भी प्रकार की आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही थी। नौसेना पुलिस ने बताया कि कोयला ले जा रहे एक जहाज ने 'प्रदर्शनकारियों के एक समूह के तीव्र विरोध के कारण वापस लौटने का फैसला किया।' विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद, सरकार ने एक प्रस्ताव पारित कर दिया था जो अनुबंध को रद्द कर देता, लेकिन 2 नवंबर 2023 को नेशनल असेंबली में एक बहस में वह पीछे हट गई।अल-जज़ीरा अखबार में माइकल फॉक्स के अनुसार, यह फैसला निवेशकों और देश की दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग के लिए एक बड़ा झटका है, लेकिन फिलहाल पनामा के लिए राहत का एक स्रोत है, जो दशकों में देश को परेशान करने वाले सबसे बड़े विरोध आंदोलन से हिल गया है। विश्लेषकों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन और फैसले का पनामा में कारोबार करने की इच्छुक विदेशी कंपनियों पर असर पड़ेगा। अदालत का यह फैसला और राष्ट्रपति की घोषणा खदान के कर्मचारियों के लिए भी झटका है।

खदान में लगभग 6,600 लोग कार्यरत हैं- जिनमें से 86 प्रतिशत पनामा के हैं।इस सबके बावजूद माइकल फॉक्स के अनुसार, पनामा के अधिकांश लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक स्वागत योग्य संकेत है और देश सामान्य स्थिति की राह पर है। पनामा के 'इंटरनेशनल सेंटर ऑफ सोशल एंड पॉलिटिकल स्टडीज के निदेशक हैरी ब्राउन अराउज़ ने अल-जज़ीरा को बताया कि हम एक नए चरण में हैं। जैसा कि हमने अब तक देखा है, विरोध प्रदर्शन रुक गये हैं, कई बाधाएं दूर हो गई हैं, कई हफ्तों से खाली पड़े राजमार्ग अब खुल गए हैं और गैस स्टेशनों का कारोबार फिर से शुरू हो गया है।

# मोदी की गाड़ी और उनकी योजनाएं, 'सूर्य के प्रकाश की तरह' : सांसद चौधरी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

जोधपुर। मोदी की गाड़ी और उनकी योजनाएं सूर्य के प्रकाश की तरह है। इससे लाभान्वित देश और पाली लोकसभा का प्रत्येक कोना हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सपना 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का है। इसे सबको मिलकर पूरा करना है। राजस्थान में अब भाजपा की सरकार बन चुकी है। ऐसे में डबल इंजन सरकार के माध्यम से केन्द्र की हर योजना का लाभ से अब कोई अछूता नहीं रहेगा। हर जरूरतमंद को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना हम सभी जनप्रतिनिधियों के अलावा, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ आर्थिक एवं सामाजिक रूप से समृद्ध नागारिकों का है। विकसित भारत का सपना हम सभी को मिलकर पूरा करना होगा। पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल होकर अपने विचार रखे। उन्होंने भोपालगढ़ विधानसभा की ग्राम पंचायत जाजीवाल गहलोता, बुचेटी व सुरपुरा में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। सांसद चौधरी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसा पहला और अनूठा अभियान है जिसके तहत केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों के दरवाजे खटखटाने के लिए उनकी चौखट पर पहुंच रही है। प्रधानमंत्री मोदी अंतिम छोर के एक-एक व्यक्ति की चिंता करते हैं, चाहे वह महिला, किसान, युवा,



बालक, बालिकाएं या बुजुर्ग हो। अधिकारियों को दी हिदायत सांसद चौधरी ने इन कार्यक्रमों में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपके पास आने वाले लोग गरीब वर्ग के अधिक है। उन्हें योजना का लाभ किस तरह से मिल सके, उसके लिए प्रयास करें ना कि उन्हें वंचित ही रहना दिया जाए। प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो इस प्रकार की मानसिकता को त्यागना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण परिवार में जन्म लिया, इसलिए उन्हें पता है कि गरीबी क्या होती। उनकी योजनाएं भी हमेशा गरीबों के सामाजिक उत्थान एवं आर्थिक कल्याण को समर्पित रही है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान, उज्ज्वला योजना से माताओं एवं बहनों को धुएं से मुक्ति या चाहे आयुष्मान भारत योजना से गरीबों का मुफ्त इलाज। हम सभी का पूर्ण प्रयास करना है कि हर जरूरतमंद को आने वाली 26 जनवरी तक मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभ अवश्य मिलें। इस दौरान सांसद चौधरी ने शिविरों में पात्र महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन के साथ ही अन्य योजनाओं का हाथों-हाथ लाभ दिया। इन कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष जगराम विश्नोई, पूर्व विधायक कमसा मेघवाल, सुरपुरा सरपंच मंगलाराम, भाजपा जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश चोटिया, भोपालगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामविलास जणवाणिया, बनाड़ मंडल अध्यक्ष महिपाल सिंह राजपुरोहित, आसोप मण्डल अध्यक्ष पदमाराम, देवीसिंह दईकाड़ा, छोगाराम मुदियाड़ा, भंवरलाल विश्नोई, रामदीन धुंधवाल, श्रवण विश्नोई सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, प्रशासन और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिरसिंहपुर में बिजली कार्यालय के सामने ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन जले-बिगड़े ट्रांसफॉर्मरों को शीघ्र बदलें

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना - चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के में जले ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से व्याप्त बिजली की समस्याओं के विरुद्ध बिरसिंहपुर में बसपा लोकसभा प्रभारी सुभाष शर्मा डोली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गुरुवार को बिजली कंपनी के दफ्तर के सामने धरना देकर बिजली संबंधित समस्याओं और अवैध उत्खनन के मुद्दे पर प्रदर्शन किया बसपा नेता सुभाष शर्मा की अगुआई में हुए प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।बिरसिंहपुर क्षेत्र के गांवों में बिजली की आवाजाही और जगह-जगह



हो रहे अवैध उत्खनन से परेशान ग्रामीण गुरुवार को सड़क पर उतर आए। बसपा नेता सुभाष शर्मा डोली कीमौजूदगी में ग्रामीणों ने बिरसिंहपुर का बिजली दफ्तर घेरा और धरने पर बैठ गए जबरदस्त नारेबाजी के बीच यहां हुई सभा मे बसपा नेता सुभाष ने कहा कि क्षेत्र में लगभग 60 ट्रान्फॉर्मर जले और बिगड़े हुए हैं जिनमें से 25 का पैसा भी जमा है बावजूद इसके उन्हें अभी तक बदला नहीं गया उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन के लोड मनमानी तरीके से बढ़ा दिए गए हैं और अब उन्हें मनमानी बिल भेजे जा रहे हैं ग्रामीणों के मुताबिक, पंप के बिल भी 3 एचपी के बजाय 5 एचपी कर दिए गए हैं जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को 2 किलोवाट लोड के बिल थमाए जा रहे हैं उस पर भी 50 फीसदी सरचार्ज जोड़ा जा रहा है जिन गांवों में बिजली आ भी रही है वहां भी लोग लो वोल्टेज की समस्या का सामना कर रहे हैं एचबीडीसी, अटूट बंधन और सौभाग्य योजना में ट्रांसफॉर्मरों के घोटाले हुए, 40 से अधिक ट्रांसफॉर्मर चोरी हो गए लेकिन आज तक जांच भी नहीं हुई।

# आंखों की जांच के लिए उमड़ी भीड़ 502 लोगों में से 83 को मोतियाबिंद आनंदपुर में होंगे सभी के ऑपरेशन



सीहोर। श्यामपुर में गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे। सेवा भारती सीहोर के तत्वाधान व अंशुमान जाट के सौजन्य से आयोजित विशाल नेत्र शिविर में सद्गुरु सेवा समिति आनंदपुर के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा नेत्र परीक्षण में 502 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 83 लोगों को मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन्हें सद्गुरु सेवा समिति आनंदपुर के नेत्र चिकित्सालय के वाहन से ऑपरेशन के लिए भेजा, जहाँ उनका उपचार निःशुल्क होगा और रहने खाने-पीने की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। लाने ले जाने की सुविधा भी हुई। श्यामपुर में सुबह से ही लोगों की भीड़ अपनी आंखों की जांच कराने के लिए उमड़ी। सुबह 10ः00 बजे से श्यामपुर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कतार में लगकर अपनी बारी आने का इंतजार करते हुए नजर आए।अंशुमान जाट ने मरीज़ों को संपूर्ण इलाज निःशुल्क व दवा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में सेवा भारती सीहोर से गोविंद ठाकुर, वीरेंद्र सेन, घनश्याम पाटीदार, लोकेंद्र, मोहन भाटी, राजेश पाटीदार, अभिषेक पाटीदार, चिंटू पाटीदार, विशाल जाट, अभिषेख दाँगी दोनों ज़िला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय जानता पार्टी, नवीन चौहान सरपंच श्यामपुर, परमानंद मीना जनपद सदस्य, श्यामसिंह जाट (पूर्व मंडल अध्यक्ष), अजय ठाकुर सरपंच गुलखेड़ी, लक्ष्मीनारायण (मेडिकल), लक्ष्मीनारायण (मातावाले), रामेश्वर माहेश्वरी व अन्य समाजसेवी उपस्थित रहें।

# फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में पुलिस बॉयज ने तीन गोल से दिलाई टीम को विजय

सीहोर। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्रथम मैच इछावर वर्सेस पुलिस वॉइस ने बीच खेला गया। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच के 10 मिनट में इछावर की ओर से सत्यम दुबे ने लेफ्ट फुट से शानदार गोल किया। पुलिस वॉइस में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आक्रामक खेल खेलने प्रारंभ किया और दबाव बनाते हुए मध्यांतर के बाद आरिफ ने राइट फुट से शानदार गोल किया और अपनी टीम को बराबरी पर किया। पुलिस बॉयस ने पुनः दूसरा गोल विकास जाट ने किया और अपनी टीम को बढ़त दिलाई। तीसरा गोल आरिफ ने मारा इछावर की ओर से अंतिम चरणों में नावेद ने गोल मारा पुलिस बॉयज तीन गोल से विजई रही। आज के मुख्य अतिथि नगर निकट नगर निरीक्षक विकास खींची ने खिलाडिड़ों से परिचय किया। परिचय करते हुए अपने आशीर्वाद स्वरुप संबोधित करते हुए खिलाडिड़ों से जीवन में खेल जरूरी है। मेरी ओर से आप सभी को शुभकामनाएं, आप इसी तरह जिले और देश को खेल के सर्वश्रेष्ठ खेल के देश को गौरांवित करें। खेल जीवन से अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। दूसरा मैच गुड मॉर्निंग क्लब वर्सेस सीहोर क्लब के बीच खेला जा रहा है। दोनों ही टीम में शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही हैं। अतिथि का स्वागत क्रिकेट के वरिष्ठ खिलाड़ी उपेंद्र सिंह ठाकुर, आनंद उपाध्याय, अरूण राठौर, दीपक गुरबाणी, राघव मेवाड़ा, राहुल ठाकुर, लक्ष्मी नारायण यादव, ऋषि चतुर्वेदी ने अतिथियों को अतिथियों को पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया।

# संभागीय उडनदस्ता दल द्वारा चार डेरियों के सेम्पल लिये गये कमियां पाए जाने पर दो डेयरी शील्ड



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा गठित किये गये संभागीय उडनदस्ता दल द्वारा भिण्ड स्थित डेयरियों पर कार्यवाही कर दूध एवं दूध में मिलावट की सामग्री के नमूने लेकर दो डेयरियों को शील्ड किया गया है। उडनदस्ता दल ग्वालियर के खाद्य सुरक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, श्रीमती निरूपमा शर्मा, मुरैना के महेन्द्र सिरोहिया तथा भिण्ड के अवनीश गुप्ता द्वारा नीरज डेयरी ग्राम बाराकला थाना देहात भिण्ड, ओम साई आइस एण्ड मिल्क चिलिंग सेन्टर उमरी, मुकेश डेयरी चिलिंग सेंटर गणेश आइस फैक्ट्री औद्योगिक क्षेत्र भिण्ड एवं सोनू नागर चिलिंग सेंटर औद्योगिक क्षेत्र भिण्ड की जांच की गई। जिसमें नीरज डेयरी ग्राम बाराकला एवं ओम साई मिल्क चिलिंग सेंन्टर को परिसर में अपद्रव्य पाए जाने पर शील्ड कर दिया गया है। इसीप्रकार मुकेश डेयरी चिलिंग सेंटर, गणेश आयल फैक्ट्री औद्योगिक क्षेत्र भिण्ड के दूध के दो नमूने लिए तथा सोनू नागर चिलिंग सेंटर औद्योगिक क्षेत्र भिण्ड द्वारा आईटीआई रोड पर टेंकर खडा किया गया था जिससे दूध के नमूने लेने की दल द्वारा कार्यवाही की गई।

## नगरीय निकायों में सफाईकर्मियों को बिलंबता से मिलता है वेतन

# सफाईकर्मियों को माह के प्रथम सप्ताह में वेतन का भुगतान के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । नगरपालिका भिंड एवं नगर परिषद आलमपुर में सफाई कर्मचारियों को 15 - 20 तारीख को वेतन का भुगतान किया जाता है, जिससे सफाई कर्मचारियों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ता है, यह बात राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू वाल्मीकि ने कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव को दिए ज्ञापन पत्र में कहीं । ज्ञापन के माध्यम से एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया है कि नगरपालिका भिंड एवं नगर परिषद आलमपुर में सफाई कर्मचारियों को 15 - 20 तारीख को वेतन का



भुगतान किया जाता है जिससे सफाई कर्मचारी कर्ज लेने पर मजबूर होते हैं इसके अलावा अस्थाई सफाई कर्मचारीयों को महंगाई भत्ता 175/- रुपये का लाभ नहीं दिया जा रहा है, आलमपुर में स्थाई सफाई कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत एनपीएस खाता नंबर वितरित नहीं किए गए हैं, शिक्षित सफाई कर्मचारियों से सफाई का कार्य करवाया जा रहा है, नगरपालिका भिंड में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को विशेष भत्ता का लाभ नहीं दिया जा रहा है, नगर परिषद मेहगांव में सफाई कर्मचारियों के ईपीएफ खाते में बैंक खाता लिंक नही किए गए हैं आदि समस्यायों से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने समस्यायों का शीघ्र निराकरण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे,राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रजत बंटी पाथरे आदि उपस्थित रहे।

# चतुर्थ अखिल भारतीय सीरवी समाज खेल प्रतियोगिता महाकुंभ का हुआ आगाज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे/**
**नारायणलाल सेंणचा**

पाली। कुशालपुरा अखिल भारतीय सीरवी महासभा के तत्वाधान में सीरवी चेरीटेबल ट्रस्ट कुशालपुरा रायपुर द्वारा आयोजित चतुर्थ अखिल भारतीय सीरवी समाज खेल प्रतियोगिता 2023- 24 का आयोजन कुशालपुरा में दिनांक 25 दिसंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह थे। अतिथि के रूप में रमेश सीरवी, उपखंड अधिकारी निम्बाहेड़ा, श्रीमति सुशीला सरपंच कुशालपुरा एवं अगराराम चौधरी खेल संयोजक, अखिल भारतीय सीरवी समाज खेल प्रतियोगिता उपस्थित रहे। इस खेल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग क्रिकेट- टेनिस बॉल की 32 टीमें ,क्रिकेट लेदर बॉल की 7 टीमें वॉलीबॉल शुटिंग की 25 टीमें, वॉलीबॉल स्मैश 8 टीमें खो-खो की फूटबॉल की 11 टीमें कबड्डी की 24 टीमें बैडमिंटन 148 खिलाड़ी, एथलेटिक 384 खिलाड़ी टेबल टेनिस 15 खिलाड़ी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में 167 प्रतिभागी मेराथन दौड़ में 32 खिलाड़ी इत्यादि पुरुष मे भाग ले रहे। साथ ही



महिला वर्ग में वॉलीबॉल स्मेश 6 टीमें, खो-खो में 6 टीमें कबड्डी में 6 टीमें, क्रिकेट में 4 टीमें भाग ले रही है। इस प्रकार पुरुष वर्ग में महिला वर्ग में कुल 2425 खिलाड़ी भाग ले रहे है। ये सभी खिलाड़ी सीरवी समाज सम्पूर्ण भारत से भाग ले रहे है। इस प्रतियोगिता का समापन समारोह दिनांक 29 दिसंबर 2023 को होगा। इसके मुख्य अतिथि पाली सांसद पीपी चौधरी, मारवाड़ जंक्शन विधान सभा क्षेत्र के विधायक केसाराम चौधरी, सोजत विधान सभा क्षेत्र विधायक शोभा चौहान, जेतारण विधानसभा क्षेत्र के विधायक अविनाश गहलोत, रायपुर के पूर्व विधायक सी.डी. देवल, सुरेश कुमार एसडीएम रायपुर, श्रीमति कमला चौहान प्रधान रायपुर, भुराराम चौधरी महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, गोतमचन्द परिहार पंचायत समिति सदस्य रायपुर, नारायणलाल लचेटा पूर्व सरपंच कुशालपुरा उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन खेलो भारत खेलो की तर्ज पर सीरवी समाज में भी खेलो को रुझान बढ़ाने के लिये, खेलो के माध्यम से सभी समाज के प्रति अपनापन बढ़े एकता का भाव बढ़े, स्वास्थ्य के प्रति रुझान बढ़े। सीरवी समाज के खिलाड़ी खेलो की दुनिया में आगे बढ़े इस भाव को लेकर प्रतियोगिता करवा रहे है। अखिल भारतीय सीरवी समाज खेल प्रतियोगिता का प्रथम आयोजन बिलाड़ा, द्वितीय आयोजन जैतारण तृतीय आयोजन अटबड़ा सोजत एवं चौथा आयोजन कुशालपुरा रायपुर में हो रहा है। सीरवी समाज चेरीटेबल ट्रस्ट कुशालपुरा के अध्यक्ष उमाराम, सचिव धर्मीचंद, कोषाध्यक्ष सोहनलाल, सह-कोषाध्यक्ष तरूण, खेल मंत्री बुदाराम, सह खेल मंत्री तेजाराम, कुशालपुरा के पंचगण नारायणलाल, बाबूलाल, अशोक काग, पुखराज मुलेवा आदि आयोजको द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। लाबुराम पंवार, धन्नाराम लचेटा, बाबूलाल लचेटा का भी सहयोग रहा।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सुनाया 20 वर्ष का कारावास

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

मेंहगॉव न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मेंहगॉव, के न्यायालय में आरोपी रमेश उर्फ नितिन गिरि गोस्वामी पुत्र परशुराम गिरि गोस्वामी, उम्र-33 वर्ष निवासी ङ्क बरहद, थाना मेंहगॉव, को 20 वर्ष का कारावास व कुल रूपये 16,000/- के अर्थदण्ड, से दंडित किया गया। सहायक मीडिया सेल प्रभारी प्रवीण सिकरवार ने बताया कि दिनांक 08.04.2019 को अभियोक्त्री की मां ने थाना मेंहगॉव में रिपोर्ट लिखाई कि दिनांक 8/4/19 को सुबह 5.00 वजे मेरी बेटी घर से शौच जाने की बोलकर घर से खेत के लिये निकली थी लेकिन बापस नही आई एक दो घण्टे बाद जब वह बापस नही आई तो हमने इधर उधर ढूढा रिस्तेदारियों में जाकर पता लगाया लेकिन कोई पता नही चला मुझे संदेह है कि नितिन गिरि गोस्वामी मेरी बेटी को कही बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर से थाना मेंहगॉव में धारा 363 आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान अपहर्ता को दस्तयाब किया जाकर कथन लिये गये। पीडिता द्वारा कथनों में आरोपी नितिन गोस्वामी द्वारा जबरदस्ती पकडकर ले जाना व कमरे में बंद रखकर दुष्कर्म करना बताया जिस पर से प्रकरण में धारा 366,366ए,368,376 भादवि व 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम का इजाफा किया गया। अनुसंधान कार्यवाहिया पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रवीण सिकरवार द्वारा की गई। अभियोजन की तर्को से सहमत होकर न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात आरोपी रमेश उर्फ नितिन गिरि गोस्वामी पुत्र परशुराम गिरि गोस्वा्मी, उम्र-33 वर्ष निवासी ङ्क ग्राम बरहद, थाना मेंहगॉव,को धारा 363 भादवि में 03 वर्ष का कारावास व रूपये 2,000/- के अर्थदण्ड व धारा 366 भादवि में 03 वर्ष का कारावास व रूपये 2,000/- के अर्थदण्ड व धारा 366ए में 03 वर्ष का कारावास व रूपये 2,000/- के अर्थदण्ड व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनयम में 20 वर्ष का कारावास व रूपये 10,000/- के अर्थदण्ड से दिनांक 28/12/2023 को दण्डित किया गया।

# लीनेस मैत्री क्लब नें मनाया वीर बाल दिवस



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। लीनेस मैत्री क्लब दमोह में गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों- साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह कि शहादत की स?मृति में 'वीर बाल दिवस' मनाया गया ।वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे उनकी शहादत को समर्पित यह सेवा कार्य उनकी शहादत को याद करते हुए ठिठुरती ठंड में दमोह के पास स्थित कछुआ गांव के नवीन प्राथमिक शाला कछुआ हटाना के स्कूल के सभी बच्चों को लीनेस सामाजिक संस्था द्वारा गर्म जैकिट बांटे गए । बहुत ही नेक पहल की प्रोजेक्ट डायरेक्टर लीनेस सुनीता अग्रवाल थी ।अध्यक्ष रोजी बग्गा द्वारा नगर के सभी संपन्न लोगों से जरूरतमंदो की जरूरत में आने वाली वस्तुएं जिसमें कंबल, गर्म कपड़े आदि दान करने की अपील की गई । इस अवसर पर सचिन रजनी खरे कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेव उपाध्यक्ष स्मृति खरे रिमी जुनेजा एवं रितु अग्रवाल सपना राजपूत डिंपल खोसलासभी सदस्य इस पुनीत कार्य में शामिल हुए ।

# प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्त्ताओ नें किया मंत्री का भव्य स्वागत

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**



दमोह। जबेरा विधानसभा से विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाये जाने पर उनके प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्रवासियों,कार्यकर्ताओ एवं लाडली बहनों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री धर्मेंद्र सिंह का काफिला ग्राम गुबरा,सिंग्रामपुर,जबेरा,कलेहरा होते हुये उनके निवास स्थान नोहटा पहुंचा जहाँ सभी के द्वारा फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि आप सभी के आर्शीवाद से विजय प्राप्त हुई है और मंत्री का पद आप सभी के आर्शीवाद प्राप्त हुआ है।जबेरा विधानसभा की देवतुल्य जनता का में हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने एक छोटे से कार्यकर्ता को कंधे पर उठा कर मंत्री बनाया है।

# चकरामपुर हत्याकांड- एक बार फिर निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी रोकने के लिए कुशवाह समाज ने दिया ज्ञापन





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी जिले के नरवर तहसील के ग्राम चकरामपुर में हुए हत्याकांड को लेकर कुशवाह समाज ने शिवपुरी पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोपाआपको बता दे कि दिनांक 17 नवम्बर 2023 की शिवपुरी जिले के ग्राम चकरामपुर (नरवर) मैं दो पक्षों के विवाद के चलते एक परिवार के चार लोगों की दुखद मृत्यु हो गई थी। जिसके चलते पुलिस द्वारा नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाप मामला दर्ज किया था पूरे घटना क्रम अभी तक एक दर्जन से अधिक लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं जिसमे कुछ ऐसे लीग भी हैं जो कि घटना के समय मोके पर मौजूद नही थे जिनके लिए पूर्व मैं भी पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया गया जिसमें भी निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी न करने की बात कही गई थी किन्तु इस घटना में कई निर्दोषों के उपर भी मुकदमे लगा दिए गए है। सब चाहते हैं कि जो दोषी है उनके खिलाफ कारवाई होनी चाहिए लेकिन जो लोग निर्दोष है उन्हें किसी के दबाव में आकर न फसाया जाए। पुलिस ने 75 और 80 वर्ष तक के बुजुर्गों तक पर हत्या करने जैसे गंभीर अपराध दर्ज कर दिया गया है इसी प्रकार जिन लोगों ने फोन पर पुलिस को सूचना दी, उनके नाम भी अपराध दर्ज कर दिया है इसी प्रकार पूर्व में 17 लोगों के नाम दर्ज किए गए में उन 17 जो की गिरफ्तारी के बाद अब पता चला है कि 14 लोगों के नाम और शामिल कर लिए गए हैं। इन कार्रवाइयों से ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे पुलिस निष्पक्ष कार्यवाही न करते हुए किसी के दबाव या राजनीतिक दबाब के पूरी समाज या पूरे गांव को एक साजिश के तहत आरोपी बनाने का कार्य कर रही है जो की अलोकतांत्रिक और अन्याय है। ऐसे मैं एक बार फिर कुशवाह समाज के लोगो ने ज्ञापन देकर निर्दोषों पर हो रही कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगते हुए कहा कि जो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाने न कि एकतरफा कार्यवाही करते हुए समाज के लोगो पर झूठे आरोप लगाए जाएं यदि ऐसा ही चलता रहा तो लोगो का कानून और न्याय से भरोसा उठ जाएगा

## खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच करें - कलेक्टर

# जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए निर्देश,मिलावट करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करें

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को निर्देश दिए हैं। खाद्य पदार्थों के लगातार सैंपल लेकर जांच करें और मिलावट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। खाद्य पदार्थ का सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से है। मिलावटी खाद्य पदार्थ और ऐसे केमिकल जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है यदि शरीर में पहुंचते हैं तो हमें हानि पहुंचाते हैं। इसलिए सतर्क होकर लगातार कार्यवाही करें। गत दिवस खाद्य सुरक्षा जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें खाद्य सुरक्षा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।शासन द्वारा जारी निर्देश अनुसार दल गठित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए हैं। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न स्थान को चिन्हित करके जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जिससे लोग स्वयं मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक रहें।खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि विशेष प्रकार के केमिकल से बहुत ही आसान तरीके से खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कर सकते हैं। जिसमें दूध में डिटर्जेंट पाउडर, यूरिया, मावा और मसालों आदि में मिलावट का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने मैजिक बॉक्स के माध्यम से दूध व मावा में मिलावट की जांच का डेमो भी दिया।

**लंबित प्रकरणों में वसूली के निर्देश-** पिछले कुछ समय में मिलावट करने वालों के विरुद्ध जो प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिनमें वसूली होना है, ऐसे सभी लंबित प्रकरण निकालें और राशि जमा करवाई जाए। इसमें एडीएम विवेक रघुवंशी को ऐसे सभी प्रकरणों की निगरानी के निर्देश दिए हैं।

# नगर परिषद पिछोर की जलावर्धन योजना के अन्तर्गत महिलाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण सम्पन्न

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पाजंलि टुडे**

**शिवपुरी-** कौशल विकास प्रशिक्षण की श्रृंखला में आज शहरी सेवा उन्नयन कार्यक्रम की उपपरियोजना नगर परिषद, पिछोर की जलावर्धन योजना अन्तर्गत एक दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पिछोऱ नगर से कुल 46 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में महिलाओ को नल कनेक्शन करने की प्रक्रिया के अलावा नल सुधारने (प्लबिंग कार्य) में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों, बिलजनरेशन व डिस्ट्रीब्यूशन, डाटा



संग्रहण की तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई।उल्लेखनीय है कि एशियन डेवलपमेंट बैंक वित्तीय सहायता से नगर परिषद, पिछोऱ की पेयजल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसका भौतिक कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और उसका संचालनव संधारण का कार्य प्रारम्भ कराया जाना है। संभागीय स्तर पर योजना का क्रियान्वयन म.प्र.अर्वन डेवलपमेन्ट कम्पनी लिमिटेड की परियोजना क्रियान्वयन इकाई, ग्वालियर द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण का संयोजन एवं संचालन सामुदायिक विकास अधिकारी उमेश सिंह ने किया। प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं ने अनुभव भी साझा किए।

# मानसिक स्वास्थ्य मेले का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में हुआ आयोजन

कर्वी चित्रकूट मानसिक स्वास्थ्य मेले का मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल बांदा चित्रकूट ने पहुंचकर फीता काटकर शुभारंभ किया। अल्ट्रासाउंड मशीन एवं डिजिटल एक्स-रे का मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने पूजा अर्चना करते हुए शुभारंभ किया। अधीक्षक डॉक्टर उदय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल का माल्यार्पण पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए आभार प्रकट किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। चित्रकूट लोक सभा के अंतर्गत पहाड़ी स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र की जनता की सुविधा हेतु आर के सिंह पटेल जी मा. सांसद लोक सभा के अथक प्रयासों से अत्याधुनिक मेडिकल संसाधन जिनमें एक्सरे मशीन एवं अल्ट्रासाउंड मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में उपलब्ध कराया गया है।उक्त कार्य इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के सी एस आर योजनांतर्गत भारती सामाजिक सेवा संस्थान नई दिल्ली के द्वारा संपन्न कराया गया है। सांसद आरके सिंह पटेल ने मानसिक स्वास्थ्य मेले में संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड के माध्यम से गरीबों को ड़500000 का मुक्त इलाज सरकारी एवं प्राइवेट अस्पताल में उपलब्ध करा रही है। किसी गरीब को इलाज के लिए कर्ज की जरूरत नहीं है। सरकार गरीबों को रोग से मुक्त करने का बीड़ा उठाया है तथा सभी के लिए 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था करने का संकल्प पूरा किया है। कोरोना काल में सबसे पहले वैक्सीन बनाने का काम भारत में हुआ है। विश्व के तमाम देशों को वैक्सीन उपलब्ध करा कर जान बचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। दूर दराज से आये मानसिक रोगियों का मानसिक स्वास्थ्य कैंप में चिकित्सकों द्वारा परीक्षण करते हुए निशुल्क दवाएं दी गई। इस मौके पर भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी अपार मुक्ति चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार अधीक्षक डॉक्टर उदय प्रताप सिंह फार्मासिस्ट मानसिंह डॉक्टर सुधीर सिंह डॉक्टर दीपक यादव विद्या डॉक्टर मोहित विद्यार्थी डॉक्टर बरखा डॉक्टर मोहिनी काउंसलर सोनम त्रिपाठी ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राधे कृष्ण, बीसीपीएम नरगिस जहां मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता डॉ नरेंद्र देव पटेल संजय कुमार विनोद कुमार समस्त एनम संगिनी आशा शबनम बेगम सुनीता नामदेव विद्यावती साहू ममता आदि मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अवैध खनन व ओवर लोडिंग पर अंकुश लगाये जाने के सम्बंध समीक्षा बैठक सम्पन्न

जिलाधिकारी ने अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देशजिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में अवैध खनन व ओवर लोडिंग पर अंकुश लगाये जाने के सम्बंध समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि अवैध खनन न हो। उपजिलाधिकारी एवं सहायक पुलिस आयुक्त कड़ाई से यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन न होने पाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जिसका जितना पट्टा निर्धारित है, उतने क्षेत्र में ही खनन करें। उन्होंने कहा कि सभी उपजिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि राजस्व वसूली में लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने



अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही के लिए टॉस्ट फोर्स का गठन करने तथा एसडीएम, एआरटीओ, एसीपी एवं खनन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने तीन शिफ्टों पर चेक प्वाइंट पर ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा सिंह, उपजिलाधिकारीगण, सहायक पुलिस आयुक्त, एआरटीओ एवं खनन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उ0प्र0 पुलिस भर्ती आयी है गोंड, खरवार को जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करो नारे के साथ कलेक्ट्रेट से लगायत मॉडल तहसील पर प्रदर्शन

बलिया। उ0प्र0 पुलिस भर्ती में अनुसूचित जनजाति हेतु 1204 सीटें आरक्षित है। भारत के राजपत्र, संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश संशोधन अधिनियम-2002 द्वारा बलिया जिले में निवास करने वाले गोंड, खरवार समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गयी है। शासनादेश द्वारा भी इन्हें (एसटी) जाति प्रमाण जारी करने के निर्देश दिये गये हैं जिसके अनुपालन में गोंड, खरवार को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी होता रहा है लेकिन इस समय वर्तमान में ऑनलाईन आवेदन करने पर लेखपालगण व तहसीलदार साहब द्वारा आवेदन निरस्त कर दिया जा रहा है। अनावश्यक रूप से परेशान व उत्पी?न किया जा रहा है। जाति प्रमाण-पत्र के अभाव में जनजाति गोंड, खरवार समुदाय के नौजवानों को उ0प्र0 पुलिस भर्ती 2023-24 हेतु आवेदन करने से वंचित हो जाने का संकट ख?ा हो गया है। 26 दिसम्बर 2023 को जिले के जनजाति गोंड, खरवार समुदाय के छात्र नौजवान कुँवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री कृष्णा कुमार गोंड, सतीश चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व पुस्तकालय मंत्री जितेन्द्र गोंड जीतू, ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन



(आगसा) जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गोंड, संरक्षक अरविन्द गोंडवाना, लल्लन प्रसाद गोंड के नेतृत्व में बलिया जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि मा0 सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपे। तत्पश्चात् नारेबाजी करते हुए छात्र नौजवान जुलुस के शक्ल में बलिया सदर मॉडल तहसील पर पहुँचकर तहसीलदार के प्रतिनिधि प्रमाण-पत्र लिपिक को भी इस आशय का पत्रक सौंपे कि यदि भारत के राजपत्र, संविधान/ शासनादेश के अनुपालन में गोंड, खरवार को जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करना प्रारम्भ नहीं किया जाता है तो आन्दोलन के अगले क्रम में जनजाति गोंड, खरवार छात्रों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करके हार्ड कापी के साथ 28 दिसम्बर 2023 से अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी तहसील व जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर आगसा के जिलाध्यक्ष राकेश गोंड ने कहा कि एक तरफ सरकार व जिला प्रशासन जनजाति गौरव दिवस मनाने का काम करती है तो वही दूसरी तरफ बलिया जिले के तहसीलदार व लेखपालगण जनजाति गोंड, खरवार छात्रों/नौजवानों को जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी न कर उ0प्र0 पुलिस भर्ती से वंचित कर देने का कुचक्र रच रहे है जो घोर असंवैधानिक व सरकार के शासनादेश की घोर अवमानना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता प्रवीण कुमार गोंड, संजय गोंड, आईपीएस के जिलाध्यक्ष सुरेश, जिउत जी गोंड, अलगू गोंड, बेचू गोंड, लाल जी गोंड प्रधान, संजीत गोंड प्रधान, शिवशंकर खरवार, मुलायम गोंड, सुचित गोंड, सुदेश शाह, आजाद गोंड, अवनिश कुमार, सत्यम गोंड, राहुल खरवार, प्रदीप कुमार गोंड, अंकित खरवार, सचिन कुमार, सोनू गोंड, ऋतिक शाह, दीपक गोंड, ओमप्रकाश गोंड, सतीश गोंड रहे।

# श्री हनुमान व्यायामशाला एवं ट्रस्ट आदिकेशव घाट द्वारा की गई सेवा भाव।



श्री हनुमान व्यायामशाला एवं ट्रस्ट द्वारा आदिकेशव घाट वरूणा संगम पर लगने वाली अन्तरगृही नहान मे आई श्रध्दालुओ को बैठने के लिए दरी,रजाई,पीने की पानी एवं अन्य जरूरतमंद सुविधाए उपलब्ध कराई गई साथ मे महिलाओ के सहायता के लिए ट्रस्ट द्वारा सहायता शिविर की भी आयोजित की गई। श्री हनुमान व्यायामशाला एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैया निषाद ने बताया की ट्रस्ट द्वारा हर साल वरूणा संगम पर लगने वाली इस अन्तरगृही नहान मे आई सभी श्रद्धालुओ की निस्वार्थ भाव से सेवा की जाती है साथ मे आवश्यकता अनुसार जरूरतमंद सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से श्री हनुमान व्यायामशाला के अध्यक्ष कन्हैया निषाद,कोषाध्यक्ष राजेश बिन्द,रामलखन गुप्ता,छेदन निषाद,राजकुमार केशरी एवं अन्य सभी सदस्यो की उपस्थित रही।


## रोजगार मेला में 342 में 190 अभ्यर्थियों का हुआ चयन





**बलिया।** जिला सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय आई0टी0आई0 के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय आई0टी0आई0 परिसर रामपुर में गुरूवार को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में टेक्निकल क्षेत्र की कम्पनी सुजूकी मोटर प्रा0लि0 अहमदावाद गुजरात प्रतिभाग किया। इस रोजगार मेला में 342 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कम्पनी द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से 190 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। साथ ही चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी द्वारा 09 जनवरी 2024 को ज्वाइनिंग हेतु बुलाया गया है। इस रोजगार मेला को सकुशल संपन्न कराने में आई टी आई बलिया के प्लेसमेंट अधिकारी,अरविंद कुमार गुप्ता, एवं सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेला प्रभारी अशोक यादव एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# जन सहभागिता एवं जन आंदोलन के माध्यम से शासकीय योजनाओं में जन सामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अच्छा कार्य करने वालों व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत जरूर किया जाएः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी




**बिजनौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में आज दोपहर नीति आयोग के हॉल में एस्पिरेशनल जिला/ब्लॉक प्रोग्राम सम्पन्न हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, झारखण्ड सहित विभिन्न राज्यों के पांच जिलों के जिलाधिकारियों द्वारा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित जिलों में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित इण्डिकेटर्स को मानक के अनुरूप आच्छादित कर विकसित करने का सफल प्रयास किया गया।इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री ने सभी आकांक्षिक जिलों एंव विकास खण्डों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ धरातल पर उतार कर चिन्हित जिलों एंव विकास खण्डों को विकास की मुख्य धारा में शामिल करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जन सहभागिता एवं जन आंदोलन के माध्यम से शासकीय योजनाओं में जन सामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अच्छा कार्य करने वालों व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित एवं पुरूस्कृत जरूर किया जाए। उन्होंने यह भी सलाह दी कि नीति आयोग एवं योजना आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अलावा स्थानीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए इन्नोवेट कर उद्देश्य की प्राप्ति हासिल की जाए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकास की मुख्य धारा से पिछड़े जिलों/विकास खण्डों को मुख्यधारा में शामिल करना है, जिसमें स्थानीय जरूरतों और कार्यों को शामिल किया जाना जरूरी होगा।कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश में जिला बिजनौर के चिन्हित आकांक्षिक ब्लॉक कोतवाली के अंतर्गत ÷यू0पी0 का नगीना÷ शीर्षक से जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा ÷वोकल फॉर लोकल÷ के तहत 500 वर्ष पुराने नगीना वुड हैण्डीक्रॉफ्ट का प्रस्तुतिकरण करते हुए कहा कि ओडीओपी में शामिल होने के बाद नगीना वुड क्रॉफ्ट राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ठ पहचान के साथ उदय हुआ और करोड़ों रूपये के निर्यात के साथ नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की प्रेरणा से नगीना वुड हैण्डीक्राफ्ट में महिलाओं को शामिल कर उनका आर्थिक और समाजिक उत्थान किया गया है, वर्तमान में 79 महिला स्वयं सहायता समूह कष्ठकला में अपना योगदान उपलब्ध कराते हुए आर्थिक लाभ प्राप्त कर स्वालंबन की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि काष्ठकला उद्योग से महिलाओं के जुड़ने से उनके आर्थिक रूप से मजबूत होने से प्रेरित होकर अन्य महिलाओं द्वारा तेजी से काष्ठकला में अपनी भागीदारी दर्ज कराई जा रही है।जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने विभिन्न विभागों के तहत जिला बिजनौर में सम्पन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी देते हुए यह भी बताया कि हेल्थ एवं न्यूट्रीशन के अन्तर्गत आंगनबाढी सेंटर एवं हेल्थ वेल्नेस सेंटर की स्थापना, बेसिक शिक्षा में नए-नए आयाम की स्थापना, हर घर-नल, हर घर-जल योजना के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छादन, निपुण भारत मिशन का सफल संचालन, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों में जिला बिजनौर तेजी के साथ एक्सप्रेशनल से इन्सिपरेशनल की ओर अग्रसर है और आशा है कि जिला बहुत जल्द विकसित जिलों की श्रेणी में शामिल होगा। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में उपरोक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण स्थानीय एनआईसी हॉल में देखा गया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्रीमती लक्ष्मी देवी, धर्मवीर सिंह, जिला प्रबंधक एनआरएलएम, सीएम फेलो, ब्लॉक कोतवाली एवं नजीबाबाद डा0 मोनिका देवी, सीमा देवी सहित जिले के काष्ठ कला उद्योग से संबंधित जुल्फुकार आलम, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य मौजूद थीं।

## पीटीआई ने कहा, जमानत पर जेल से रिहा शाह महमूद कुरैशी को गिरफ्तार किया गया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने बुधवार को कहा कि उसके उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को अदियाला जेल के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पार्टी ने कहा है कि कुरैशी को पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने साइफर मामले में जमानत प्रदान की थी। रिहा होते ही जेल के बाहर कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

डान अखबार के अनुसार पीटीआई ने कुरैशी को पुलिस वैन में बैठाए जाने का फुटेज अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में कर्मियों द्वारा उन्हें एक बख्तरबंद पुलिस वाहन में घसीटते हुए दिखाया गया है। इस दौरान पीटीआई नेता कुरैशी कहते रहे कि उन्हें अवैध रूप से गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस सुप्रीम कोर्ट के आदेश का माखौल उड़ा रही है।

## पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी का चुनाव चिह्न बहाल, चुनाव से पहले पूर्व पीएम इमरान को बड़ी राहत

**पेशावर।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को बड़ी जीत मिली है। पेशावर हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग के आदेश को निलंबित करते हुए पीटीआई को उसका अपना चुनाव चिन्ह 'बल्ला' बहाल कर दिया है। पाकिस्तान में 16वीं नेशनल असेंबली के लिए 8 फरवरी 2024 को आम चुनाव होने हैं।

चुनाव आयोग ने इससे पहले पार्टी के आंतरिक चुनावों में बल्ला निशान को अवैध करार दे दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिका पर अंतिम फैसले में पार्टी का चुनाव चिह्न बहाल किया जाएगा। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि सर्दियों की छुट्टियों के बाद डबल बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी।

पेशावर हाई कोर्ट के जज जस्टिस कामरान हयात मियांखेल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को पीटीआई को चुनाव चिन्ह देना होगा क्योंकि चुनावी तारीख जारी होने के बाद इसे रद्द नहीं किया जा सकता है।

हाई कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पर लिखा, "बल्ला मारो, आजादी को गले लगाओ!" इसके अलावा पार्टी ने लिखा है कि बल्ला लौट चुका है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय चुनाव आयोग पीठ द्वारा पीटीआई के अंदर होने वाले चुनावों को गैरकानूनी घोषित करने और पार्टी से उसका चुनाव चिह्न छीनने के बाद याचिका दायर की थी।

पार्टी ने चुनाव आयोग और चुनाव को चुनौती देने वालों को नामित करते हुए कोर्ट से मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। इसको देखते हुए कोर्ट ने मंगलवार को याचिका पर सुनवाई की।

सुनवाई की शुरूआत में, पीटीआई के वकील अली जफर ने कहा कि पार्टी को चुनाव कराने के लिए 20 दिन का समय दिया गया था। पार्टी ने 3 दिसंबर को पेशावर में पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए। चुनाव आयोग ने पार्टी के आंतरिक चुनावों की सत्यता को स्वीकार करते हुए पार्टी को एक प्रमाण पत्र जारी किया। वकील ने कहा कि इसके बाद आयोग ने यह कहते हुए चुनाव चिह्न वापस ले लिया कि जिसने चुनाव करवाया वह सही व्यक्ति नहीं था।

## कनाडा के पहले भारतीय मूल के चिकित्सक गुरदेव सिंह गिल का निधन



**टोरंटो।** कनाडा के न्यू वेस्टमिंस्टर शहर में पहले भारतीय मूल के चिकित्सक गुरदेव सिंह गिल का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। वह 1958 में प्रैक्टिस करने वाले पहले इंडो-कनाडाई थे।

सीबीसी न्यूज चैनल ने कैनेडियन इनसाइक्लोपीडिया का हवाला देते हुए बताया कि गिल 1949 में भारत से कनाडा चले गए थे, जब देश में केवल 2,000 दक्षिण एशियाई थे।

ब्रिटिश कोलंबिया सरकार के अनुसार, "वह ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय से मेडिकल डिग्री के साथ स्नातक करने वाले पहले इंडो-कनाडाई और कनाडा में प्रैक्टिस करने वाले पहले इंडो-कैनेडियन थे।"

रविवार को, समुदाय के सदस्य गिल को श्रद्धांजलि देने के लिए वैंकूवर के एक गुरुद्वारे में एकत्र हुए। उनकी 17 दिसंबर को मृत्यु हो गई थी।

वह सेंट मैरीज, रॉयल कोलंबियन और क्वीन्स पार्क अस्पतालों के एक सक्रिय स्टाफ सदस्य थे, और कैंसर सोसायटी, रोटरी क्लब और चिल्ड्रन हॉस्पिटल के लिए फंड जुटाने में एक्टिव थे।

उन्हें 1990 में इसके उद्घाटन वर्ष में म्यूजिशियन ब्रायन एडम्स, ओलंपिक पदक विजेता जिमनास्ट लोरी फंग और व्यवसायी जिम पैटिसन जैसे दिग्गजों के साथ ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया से सम्मानित किया गया था।

उनके पोते इमरान गिल ने सीबीसी को बताया, "उन सभी अद्भुत कनाडाई लोगों के साथ मंच पर होना। उन्हें इस मान्यता पर बहुत गर्व था। दादा जी बहुत ही निस्वार्थ जीवन जीते थे।"

इमरान ने कहा, "उन्हें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय हीरक जयंती पदक भी मिला था। गिल न केवल कनाडा में 'दूसरों के उत्थान' के लिए समर्पित थे, बल्कि पंजाबी गांवों में स्वच्छता के बुनियादी ढांचे का निर्माण भी कर रहे थे, जिसमें वह गांव भी शामिल था, जिसे उन्होंने 1949 में छोड़ा था।' उनकी प्रैक्टिस एक मेडिकल प्रैक्टिस से कहीं अधिक थी।

यह एक सामुदायिक हॉल था जहां नए अप्रवासी मार्गदर्शन और सलाह के लिए आते थे।

गिल वैंकूवर की खालसा दीवान सोसाइटी के अध्यक्ष बने, जिसके बाद उन्होंने दक्षिण वैंकूवर में एक नए गुरुद्वारे के निर्माण की देखरेख भी की थी।ग्लोबल न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, न्यू वेस्टमिंस्टर में 40 साल की प्रैक्टिस के बाद वह सेवानिवृत्त हो गए और उन्होंने इंडो-कैनेडियन फ्रेंडशिप सोसाइटी के माध्यम से पंजाब के 25 गांवों को बुनियादी ढांचे और शैक्षिक सुधार में मदद की, जिसकी स्थापना उन्होंने की थी।

# क्रिश्चियन धर्म के पक्ष में बयान देने वाले नेपाल के मंत्री का सामाजिक बहिष्कार शुरू

**काठमांडू।** खुद को ईसाई धर्म के प्रचारक के रूप में पेश करते हुए विवादित बयान देने वाले नेपाल के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुदन किरांती का सामाजिक बहिष्कार शुरू हो गया है। उनके विवादित बयान की वजह से जिन कार्यक्रमों में उनको प्रमुख अतिथि के रूप में बुलाया गया था, वहां उनका बहिष्कार करना शुरू कर दिया गया है।चितवन में होने वाले सलाना पर्यटन महोत्सव में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुदन किरांती को प्रमुख अतिथि के रूप में बुलाया गया था। पूरे शहर में लगे पोस्टर बैनर में उनकी तस्वीरों के साथ प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। सभी निमंत्रण पत्र पर भी प्रमुख अतिथि के रूप में संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री सुदन किरांती के महोत्सव के उद्घाटन करने की जानकारी दी गई थी, लेकिन उनके विवादित बयान के कारण आयोजकों ने मंत्री को कार्यक्रम में नहीं आने को कह दिया।



चितवन के पर्यटक स्थल सौराहा में क्षेत्रीय होटल एसोसिएशन की तरफ से 17वें चितवन पर्यटन एवं हाथी महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर किरांती की जगह वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत मंच पर उपस्थित थे। प्रमुख अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ने ही महोत्सव का उद्घाटन भी किया। क्षेत्रीय होटल एसोसिएशन के सचिव मुक्ति शर्मा ने बताया कि मंत्री के विवादास्पद बयान और उससे उत्पन्न परिस्थिति के कारण उन्हें कार्यक्रम में आने से रोका गया। उन्होंने कहा कि यदि विवादित मंत्री को कार्यक्रम में बुलाया जाता तो यहां तनावपूर्ण स्थिति बन सकती थी। स्थानीय लोगों ने आयोजकों से कहा था कि यदि विवादित मंत्री को बुलाया जाता है तो वो ना सिर्फ मंत्री को काला झंडा दिखाएंगे, बल्कि किसी भी हालत में कार्यक्रम नहीं होने देंगे। तनावपूर्ण अवस्था को देखते हुए आयोजकों ने अंतिम समय में सुदन किरांती की जगह वित्त मंत्री महत को बुलाना ही ठीक समझा गया। दरअसल, संस्कृति मंत्री सुदन किरांती ने पिछले हफ्ते ईसाईयों के एक कार्यक्रम में कहा था कि नेपाल में क्रिश्चियन मानने वालों की संख्या लाखों में पहुंच गई है। नेपाल में क्रिश्चियन को नहीं मानना संविधान को नहीं मानने जैसा है और जो लोग क्रिश्चियन को नहीं मानेंगे, उन्हें हथकड़ी लगा कर जेल में डाल देना चाहिए। उनके इस विवादित बयान पर देश भर में विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। विभिन्न संघ संस्थाओं और राजनीतिक दलों ने ऐसे विवादित बयान देने वाले मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।

# ऑस्कर विजेता 'पैरासाइट' फेम एक्टर ली सुन-क्युन का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

**मुंबई।** वर्ष 2020 में बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट फॉरेन फिल्म और बेस्ट फिल्म कैटेगरी में चार ऑस्कर अवार्ड जीतने वाली फिल्म कोरियाई फिल्म 'पैरासाइट' में मुख्य किरदार पार्क-डोंग इक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता ली सुन-क्युन का शव मिला है।



एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, ली सन-क्युन का शव दक्षिण कोरिया के सियोल में एक पार्किंग स्थल में मिला था। पिछले कुछ दिनों से ली सन-क्युन अवैध नशीली दवाओं के उपयोग के एक मामले में शामिल रहे थे, इसकी पुलिस जांच कर रही है। माना जा रहा है कि इसी केस के चलते उन्होंने अपनी जान दे दी है।

अभिनेता ली सन-क्युन ने एक नाइट क्लब में गलती से ड्रग्स लेने की बात स्वीकार की। उन्होंने दावा किया कि वह इस मामले में दोषी नहीं है। बाद में 27 दिसंबर को उनका शव उनकी ही कार में मिलने से सनसनी फैल गई। उनकी पत्नी योनहाप के अनुसार क्यून ने मरने से पहले एक पत्र लिखा था और अपने पति की मौत की खबर सुनकर तुरंत पुलिस को इसका खुलासा किया।

यह अभी तक साफ नहीं हुआ है कि ली सुन-क्यून ने पत्र में वास्तव में क्या लिखा है। इसके अलावा ये आत्महत्या है या कुछ और इस बारे में कोई बयान या स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ली सुन-क्युन का जन्म 1975 में हुआ था।

## पाकिस्तान के आम चुनाव में डॉ. सवीरा प्रकाश पहली हिंदू महिला उम्मीदवार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने हिंदू महिला डॉ. सवीरा प्रकाश को उम्मीदवार बनाया है। 16वीं नेशनल असेंबली का चुनाव अगले साल 8 फरवरी को होना है। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार पीपीपी ने उन्हें डॉ. सवीरा प्रकाश को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले से अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। सवीरा प्रकाश ने



2022 में एबटाबाद इंटरनेशनल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। उनके डॉक्टर पिता ओम प्रकाश हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं।

वो पिछले 35 वर्षों से पार्टी के सक्रिय सदस्य थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सवीरा प्रकाश ने 23 दिसंबर को पीके-25 की सामान्य सीट से अपना नामांकन पत्र जमा किया है। वह पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी महिला विंग की महासचिव हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने हाल ही में राजनीतिक पार्टियों से कहा था कि पांच फीसदी सामान्य सीटों पर महिला उम्मीदवारों को खड़ा करना होगा। नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय असेंबली की 1,085 सीटों के लिए चुनाव होंगे। नेशनल असेंबली की 266 सीटों के लिए 7,713 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें 471 महिलाएं हैं।

## इजराइल की सुरक्षा परिषद ने भारत में अपने नागरिकों के लिए जारी किया परामर्श

**तेल अवीव।** इजराइल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने भारत में अपने नागरिकों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। इसमें संदेह व्यक्त किया है कि मंगलवार को नई दिल्ली में इजराइल के दूतावास के पास हुआ विस्फोट 'आतंकवादी हमला हो सकता है।' इस परामर्श को इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर साझा किया गया है।

इस परामर्श में कहा गया है कि नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित इजराइल के दूतावास के पास मंगलवार शाम एक विस्फोट हुआ और घटनास्थल से इजराइल के राजदूत को 'अभद्र भाषा' में संबोधित एक पत्र बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

इजराइल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने भारत में रह रहे अपने नागरिकों को भीड़भाड़ वाली जगहों जैसे मॉल और बाजार पर जाने से बचने की सलाह दी है। यहूदियों और इजराइलियों के रूप में पहचाने जाने वाले स्थानों पर भी न जाने की सलाह दी गई है। सार्वजनिक स्थानों मसलन होटल और पब आदि में सतर्क रहने को कहा है। इसमें कहा गया है कि सार्वजनिक तौर पर इजराइली प्रतीकों को प्रदर्शित करने से बचें। बड़े आयोजनों में हिस्सा लेने से परहेज करें। इसके अलावा सोशल मीडिया पर यात्रा कार्यक्रम के साथ-साथ यात्रा तस्वीरें अपलोड न करें।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी हिस्से में तूफान से तबाही, अब तक नौ की मौत, हजारों घरों की बिजली गुल



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान देश के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली तूफान से अब तक नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को कहा, हजारों घरों में अब भी बिजली गुल है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अधिक समय लग सकता है।

द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार 25 और 26 दिसंबर को विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड राज्यों में मौसम की कड़ी मार पड़ी। जमकर ओले गिरे और मूसलाधार बारिश हुई। सबसे अधिक प्रभावित कुछ इलाकों में तेज हवाओं के कारण घरों की छतें उड़ गईं और हजारों पेड़ गिर गए। क्वींसलैंड राज्य पुलिस आयुक्त कैटरीना कैरोल के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मोरेटन बे में ग्रीन आइलैंड के पास एक नौका के पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। उसमें 11 लोग सवार थे।

क्वींसलैंड में अलग-अलग घटनाओं में नौ साल की एक लड़की और एक महिला नाले में बह गईं। दोनों के शव बरामद हो गए। इसके अलावा पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। एक महिला विक्टोरिया के एक कैंप ग्राउंड में भरे पानी में मृत पाई गई है। क्वींसलैंड के स्वामित्व वाली बिजली कंपनी एनर्जेक्स ने कहा कि तूफान के बाद 90,000 से अधिक घरों में अभी भी बिजली नहीं है। तूफान से सैकड़ों लाइनों को नुकसान हुआ है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अभी कई दिन लगेंगे। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने बारिश की भविष्यवाणी की है।

## इमरान खान के करीबी सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 15 दिनों की हिरासत में भेजा गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले इमरान खान के करीबी सहयोगी एवं पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को मंगलवार को 15 दिनों की हिरासत में अदियाला जेल भेजा गया। इससे एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने दूसरे मामले में उन्हें जमानत दी थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, रावलपिंडी के डिप्टी कमिश्नर ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी की रिहाई से शांति और सुरक्षा को खतरा होगा। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि सीपीओ ने संबंधित स्टेशन हाउस अधिकारी की सिफारिश पर 45 दिनों की हिरासत अवधि का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि जिला खुफिया समिति भी पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों के आकलन से सहमत है।

बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान भी जेल में बंद हैं। इमरान खान ने 27 मार्च, 2022 को एक सार्वजनिक सभा में कहा था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अंतरराष्ट्रीय साजिश रची गई। उन्होंने सबूत के तौर पर एक कागज दिखाया था।

शाह महमूद कुरैशी की अपील को देखते हुए उन्हें 15 दिनों की हिरासत में भेजा गया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और कुरैशी को जमानत दी थी, जिसके कुछ दिनों बाद ये आदेश आया। दोनों नेताओं के खिलाफ कई अन्य मामले भी चल रहे हैं, जिस वजह से उन्हें तुरंत रिहाई नहीं मिल सकी। बता दें कि शाह महमूद कुरैशी को 23 अक्टूबर को मामले दोषी ठहराया गया था। जेल में बंद इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी कई मामलों का सामना कर रहे हैं।

# इराक को अमेरिका का कड़ा संदेश, देश की सुरक्षा के लिए हमला करने से नहीं हिचकिचाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा देश की सुरक्षा के लिए इराक पर हमला करने से नहीं हिचकिचाएंगे।

ऑस्टिन ने यह टिप्पणी इराक में ईरान समर्थित गतिविधियों को लेकर दी है।

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा 'ईरानी-प्रायोजित मिलिशिया' द्वारा इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ हमलों के जवाब में अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में तीन स्थानों पर 'आवश्यक और आनुपातिक हमले' किए। ऑस्टिन ने आगे कहा कि अमेरिका की सुरक्षा से बढ़कर कोई 'उच्च प्राथमिकता' नहीं है और वह देश, उसके सैनिकों और हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने में 'संकोच नहीं करेगा'।

लॉयड ऑस्टिन ने कहा, 'राष्ट्रपति बाइडन के निर्देश पर, अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में कातिब हिजबुल्लाह और संबद्ध



समूहों के इस्तेमाल वाली तीन सुविधाओं पर हमले किए।' इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ एक प्रतिक्रिया है और इसका उद्देश्य ईरान-गठबंधन मिलिशिया समूहों की क्षमताओं को 'बाधित और खराब' करना था। अमेरिका ने इन हमलों को 'ईरानी-प्रायोजित मिलिशिया' द्वारा किए जाने का आरोप लगाया।

ईरान से संबद्ध कताइब हिजबुल्लाह और एरबिल एयर बेस पर संबद्ध समूहों का हमला शामिल था।

बयान में कहा गया कि सोमवार के हमले में तीन अमेरिकी कर्मी घायल हो गए, जिससे एक सेवा सदस्य की हालत गंभीर हो गई। ऑस्टिन ने कहा, हम क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाना नहीं चाहते हैं, लेकिन हम अपने लोगों की सुविधाओं की सुरक्षा के लिए और आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध और पूरी तरह से तैयार हैं।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से आरटीआई फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय एडवोकेट दीक्षित ने राज्यपाल सचिवालय से पर्यटन विकास निगम के चीफ इंजीनियर को निलंबित कर राज्य शासन द्वारा तय की गई



गाइडलाइनों की अब मानना करके किए जा रहे भ्रष्टाचार जांच करने 28 अगस्त 2023 को राज्यपाल के विशेष सहायक द्वारा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला को जारी किए गए निर्देशों का पालन करने प्रधानमंत्री जी की भ्रष्टाचार विरोधी गारंटी के तहत सख्त कार्रवाई करने की मांग की हैमुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय दीक्षित एडवोकेट द्वारा भेजे ज्ञापन के साथ राजपाल सचिवालय द्वारा प्रमुख सचिव के नाम जारी आदेश को संलग्न करते हुए लिखा है कि प्रदेश के संविधान प्रमुख राज्यपाल सचिवालय द्वारा 4 महीने पहले भेजे गए निर्देश पत्र के साथ उनके 14 अगस्त 23 के शिकायती पत्र मैं उठाए गए दो बिंदुओं पर कार्रवाई करके आवेदक श्री दीक्षित को अवगत कराने दिए गए निर्देश पत्र को चार महीना से फाइलों में कैद करके वित्तीय वर्ष 20 17 से प्रशासन के एस ओ आर नियमों का उल्लंघन कर 40त्न कम दरों पर स्वीकृत निर्माण कार्यों में रूपों का भ्रष्टाचार किया गया है जिसके लिए राज शासन की तबादला नीति का उल्लंघन कर वर्षो से पर्यटन विकास निगम के चीफ इंजीनियर पद पर कुंडली मारकर बैठे श्री यादव पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं जिन्हें बचाने की जा रही लीपा पोती माननीय प्रधानमंत्री जी की हर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने दी गई गारंटी को फेल करना प्रतीत होता है अतः भ्रष्टाचार के इस बड़े मामले में मुख्यमंत्री जी से तुरंत हस्तक्षेप करके वैधानिक कार्रवाई करने की मांग श्री दीक्षित द्वारा की गई है

# ग्वालियर में कड़ाके की सर्दी, छाया घना कोहरा



ग्वालियर। अंचल में अब रात सर्द होने लगी हैं। आसमान साफ होने और ठंडी हवा के असर से रात का पारा पिछले दो दिन से लगातार गिरता जा रहा है। जिससे रात को कपकपाने वाली ठंड ब?ने लगी है। बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। यही कारण है कि गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया हुआ है और कई जगह लोग ठंड से निजात पाने के लिए अलाव के सहारे बैठे नजर आए। सुबह शहर में छाए कोहरा से जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है, फिलहाल धूप निकलने के अभी कोई असर नहीं है। अगर एक दिन पहले के तापमान की बात करें तो बुधवार को न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले 2 से 3 दिनों में बारिश होने की संभावना भी जताई है, कोहरा इतना घना था कि सुबह लोग को अपनी गाड़ी की लाइट जलाकर चलना पड़ रहा था।

# बेसहारा लोगों के बीच किया खाद्य सामग्री,कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण



ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान एवं लोकप्रशासन अध्ययनशाला के एम.बी.ए.एच.आर. डी.एवं एम.बी.ए.फायनेंस के छात्र-छात्राओं व समन्वयक डॉ.स्वर्णा परमार एवं शिक्षक डॉ.एस.एस. सिकरवार,मेघा शाक्यवाल,सपना यादव द्वारा गुरुवार को शेयरिंग इज केयरिंग प्रोग्राम के अंतर्गत गर्म कपड़ों एवं खाद्य सामाग्री का वितरण गरीब व जरूरतमंद लोगों को शहर के विभिन्न स्थानों पर किया गया। इन कपड़ों का संग्रह विभाग के छात्र- छात्राओं द्वारा किया गया।इस अवसर पर डॉ.स्वर्णा परमार ने कहा कि संस्थान के शिक्षक व छात्रों ने गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल, गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री देकर सराहनीय कार्य किया है। वहीं सतेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में हमारा दायित्व बनता है कि हम समाज के जरूरतमंदों की सेवा करें ताकि उनको कड़ाके की ठंड में राहत मिल सके। छात्रों ने बताया कि सर्दी से बचने के लिए सैकड़ों लोगों को कंबल,गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री वितरण किया जा रहा है।आगे भी ऐसे कार्यक्रम करते रहेंगे

# जेयूः युवा उत्सव में 8 जिलों से आई टीमें, बधाई और लांगुरिया में दिखाई नारी शक्ति

ग्वालियर।जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में गुरूवार से तीन दिवसीय अंतरजिला विवि स्तरीय युवा उत्सव की शुरूआत हो गई। पहले दिन 9 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिरिक्त संचालक प्रो.कुमार रत्नम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता जेयू के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेयू के कुलसचिव अरूण चौहान व कार्यक्रम समन्वयक स्मिता सहस्त्रबुद्धे उपस्थित रहे।प्रो.जेएन गौतम के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर प्रो.कुमार रत्नम ने कहा कि भारत विकासशील से विकसित देश की ओर बढ़ रहा है।भारत ही ऐसा देश है जो काम को कला के रुप में मानता है।आज वैश्विक पटल पर भारत सबसे ज्यादा युवाओं वाला देश है। कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी ने कहा कि नई शिक्षा नीति से छात्रों का विकास होगा। विकसित भारत 2047 में युवा आगे रहेंगे।यह कार्यक्रम इसलिए कराया जाता है ताकि छात्रों की कला बाहर आ सके। कुलसचिव अरूण कुमार




चौहान ने कहा कि प्रतिस्पर्धा में हार जीत महत्व नहीं रखती,महत्व रखती है भाग लेना।युवा उत्सव में ग्वालियर और चंबल संभाग के 8 जिलों की टीमें शामिल हुई, इसमें शामिल टीमों ने सामूहिक लोकनृत्य में प्रदेश के प्रमुख लोकनृत्य बधाई और लांगुरियां की प्रस्तुति दी।युवा उत्सव में खासतौर पर सामूहिक लोकनृत्य में नए प्रयोग देखने को मिले। इसमें संस्कृति के साथ-साथ नारी शक्ति को भी दिखाया गया। सामूहिक राजस्थानी नृत्य के माध्यम से संस्कृति को बचाने का संदेश दिया गया।समूह नृत्य में ग्वालियर की छात्राओं ने खोये गयो बाजूबंद पर प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा।सामूहिक प्रस्तुति का समापन नारी शक्ति से हुआ। इसलिए नृत्य में खासतौर पर महिषासुर मर्दिनी, मां दुर्गा और नारी के असंख्य अवतार के दृश्य को भी दिखाया गया।वक्तृत्व कला में में छात्रों ने अमृत महोत्सव की आवश्यकता एवं उद्देश्य को बताया।

वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव एवं दुष्प्रभाव को बताया।कॉलाज के माध्यम से छात्रों ने चंद्रयान की सफलता को दिखाया वहीं ऑन द स्पॉट पेंटिंग के माध्यम से छात्रों ने बताया कि शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण चेतना होनी चाहिए इसके लिए वृक्षारोपण करना चाहिए, स्वच्छता पखवाड़ा, मिट्टी बचाएं, जीवों को बचाएं, अमृत वाटिका योजना आदि को पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया।इस अवसर पर प्रो.कुमार रत्नम, प्रो.अविनाश तिवारी, अरूण सिंह चौहान,प्रो.जेएन गौतम, डॉ.स्मिता सहस्त्रबुद्धे, डॉ.सीमा शर्मा,प्रो.आईके पात्रो,प्रो.हेमंत शर्मा,प्रो.एसके सिंह,प्रो.एमके गुप्ता, डॉ.बलवीर सिंह,प्रो.अंशुमान सोनी, डॉ.विमलेंद्र सिंह, कृष्णकांत, संजय जादौन,आस्था तोमर सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन डॉ.सीमा शर्मा व आभार व्यक्त डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने किया।

# सीएमयादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पटवा की पुण्यतिथि पर नमन किया



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय सुंदरलाल जी पटवा की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया तथा प्रदेश के विकास में दिए गए उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा के 74 बंगला स्थित निवास पहुंचकर श्रद्धेय सुंदरलाल पटवा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलकुंवर जी पटवा से भेंट की।

# कैलाश विजयवर्गीय ने नड्डा से मिल सौंपा राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा



भारतीय जनता पार्टी के जाने-माने नेता कैलाश विजयवर्गीय ने आज बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर उन्हें राष्ट्रीय महासचिव पद का इस्तीफा सौंपा। गुरुवार के दिन कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी के राष्ट्र महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने करीब 9 साल तक इस पद पर रहकर कई कार्य किए है।साल 2014 में उन्हें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र महासचिव का पद सौंपा गया था। तभी से अब तक वह इस पद पर लगातार बने रहे। अब उन्हें बीजेपी मध्यप्रदेश सरकार में कोई ब?ा मंत्रालय दे सकती है। हाल ही में कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव ल?ा था जिसमें उन्हें जीत हासिल हुई। वह इंदौर के विधानसभा 1 से भारी बहुमत से जीते हैं। इसी के चलते उन्होंने बीजेपी की एक व्यक्ति एक पद की नीति के तहत आज अपने पद से इस्तीफा दे कर राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा है। इस्तीफा देने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आज मैं बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत 'एक व्यक्ति एक पद' के अनुसार मैंने महासचिव पद से इस्तीफा देते हुए उन्हें सौंप दिया। मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 साल तक पहले अमित शाह फिर जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में देश के अलग-अलग स्थानों पर संगठन को गड़ने में प्राणप्रण से कार्य किया।उन्होंने कहा कि अब मुझे पार्टी ने मध्य प्रदेश में एक नई भूमिका के लिए भेजा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प वर्ष 2047 में भारत, विश्व का शक्तिशाली देश बने, इस दिशा में मध्य प्रदेश को शक्तिशाली बनाने के लिए हम प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में कार्य करेगें। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास की एक नई इबारत लिखेगा।

# ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर किया जाए



ग्वालियर। एलटीटी-हरिद्वार एक्सप्रेस (12171/12172) का स्टॉपेज ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर किए जाने एवं ग्वालियर-साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन (22547/22548) को ग्वालियर से प्रतिदिन संचालित किए जाने की माँग करते हुएद्वारा आज केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं सांसद विवेक नारायण शेजवलकर को पत्र प्रेषित किए गए ।अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि लोकमान्य तिलक टर्मिनल एवं हरिद्वार के मध्य सप्ताह में 02 दिन संचालित होने वाली यात्री गा?ी संख्या 12171/12172 का स्टॉपेज (ठहराव) ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर नहीं होने के कारण ग्वालियर अंचल से हरिद्वार जाने वाले यात्रियों/श्रद्धालुओं को इस ट्रेन का लाभ नहीं मिल पा रहा है । उक्त ए. सी. एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव 'ग्वालियर रेलवे स्टेशन' पर किए जाने हेतु इस अंचल के यात्रियों द्वारा विगत्ढ़ कई वर्ष से निरन्तर माँग की जा रही है, परन्तु उक्त ट्रेन का ठहराव अभी तक ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध नहीं होने से ग्वालियर अंचल के यात्रियों में काफी रोष देखने को मिल रहा है, जबकि ग्वालियर रेलवे स्टेशन 'मॉडल स्टेशन' होने के साथ-साथ झाँसी मण्डल का सर्वाधिक राजस्व देने वाला रेलवे स्टेशन है । इसके साथ ही, ग्वालियर सांस्कृतिक रूप से एवं सामरिक दृष्टि सहित उच्च शिक्षा व पर्यटन की दृष्टि से भी एक अति महत्वपूर्ण शहर है । बावजूद इसके रेलवे द्वारा एलटीटी-हरिद्वार एक्सप्रेस का ठहराव ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध नहीं होना समझ से परे एवं औचित्यहीन प्रतीत होता है ।पदाधिकारियों ने इसी के साथ माननीय केन्द्रीय रेलमंत्री जी एवं केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से ग्वालियर-साबरमती सुपर फास्ट एक्सप्रेस, ट्रेन नं.-22547/22548 का संचालन ग्वालियर से किए जाने की माँग करते हुए कहा है कि यह ट्रेन वर्तमान में केवल 03 दिन ग्वालियर से संचालित हो रही है, जबकि ग्वालियर से साबरमती (अहमदाबाद) के लिए यात्री दबाव काफी है क्योंकि ग्वालियर अंचल के भिण्ड, मुरैना सहित कई छोटे-छोटे नगरों के नागरिक काफी संख्या में अहमदाबाद एवं उसके आसपास के शहरों में व्यवसाय अथवा जॉब कर रहे हैं और उनका अपने पैतृक स्थान पर आवागमन नियमित रूप से बना रहता है ।

# गुना के अति. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी व मुख्य नगर पालिका अधिकारी निलंबित




**ग्वालियर।** बीती रात गुना जिले में बस एवं डम्पर के बीच टक्कर से हुई दुखद दुर्घटना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस परिपालन में ग्वालियर संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने गुना जिले के अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया और गुना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडी कतरौलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।ज्ञात हो बुधवार 27 दिसम्बर की रात्रि गुना जिले में दुहाई के समीप बस एवं डम्पर के बीच टक्कर से हुई दुखद दुर्घटना में 13 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और 17 व्यक्ति घायल हुए हैं। संभाग आयुक्त सिंह ने अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बरेलिया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी कतरौलिया के निलंबन के अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं। गुना कलेक्टर के प्रतिवेदनों के आधार पर संभाग आयुक्त ने यह कार्रवाई की है। कलेक्टर ने अपने प्रतिवेदनों में इन दोनों अधिकारियों की लापरवाही का उल्लेख किया था। निलंबन अवधि में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बरेलिया का मुख्यालय, परिवहन आयुक्त कार्यालय ग्वालियर रहेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुना कतरौलिया का मुख्यालय निलंबन अवधि में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन ग्वालियर किया गया है।

# 13 लोगों की मौत के मामले में सीएम यादव का बड़ा एक्शनः परिवहन विभाग के आयुक्त पर गिरी गाज, कलेक्टर-एसपी को भी हटाया

गुना। जिले में डंपर से टकराने के बाद बस में आग लगने से 12 लोगों के जिंदा जलने सहित 13 की मौत के बाद मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का रुख बहुत क?ा है। उन्होंने परिवहन विभाग की सर्जरी की है। परिवहन विभाग के आयुक्त संजय झा के साथ गुना के कलेक्टर तरुण राठी और पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री को हटा दिया है। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए गए। सुबह गुना आरटीओ रवि बरेलिया और सीएमओ बीडी कतरोलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।

मध्यप्रदेश सरकार के गृह विभाग की तरफ से जारी आदेश में विशेष पुलिस महानिदेशक परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर संजय कुमार झा को विशेष पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया है। इसके साथ ही गुना के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री को सहायक पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया गया है। पुलिस अधीक्षक गुना के रिक्त पद का प्रभार जिले में पदस्थ वरिष्ठतम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अस्थाई रूप से पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना किए जाने तक सौंपा गया है। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश में गुना कलेक्टर तरुण राठी को हटा कर मंत्रालय में अपर सचिव पदस्थ किया गया है। उनकी जगह पर गुना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रथम कौशिक को अस्थाई रूप से कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा अपर मुख्य सचिव गृह विभाग राजेश कुमार राजौरा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अपर मुख्य सचिव परिवहन विभाग का अतिरिक्त







रूप से प्रभार सौंपा गया। प्रमुख सचिव परिवहन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से आईएएस अधिकारी सुखबीर सिंह को मुक्त किया गया।

**डिप्टी टीसी को भी हटाया, सेवाएं जीएडी को सौंपी** –सरकार ने उप परिवहन आयुक्त संभागीय, ग्वालियर अरुण कुमार सिंह की सेवाएं परिवहन विभाग से वापस ले ली। उनको मध्य प्रदेश शासन मंत्रालय में उप सचिव पदस्थ किया गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के रूप में परिवहन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर गए थे। वर्तमान में वह उप परिवहन आयुक्त संभागीय पद पर पदस्थ थे। उनके पास भोपाल, नर्मदापुरम और ग्वालियर संभाग का प्रभार था।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478